''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 22 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 22 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे नागरिक : स्वास्थ्य मंत्री आरती राव

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज गुरुग्राम के होटल रामाडा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूज चैनल के माध्यम से हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव और लोकनिर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि सड़कों की सुविधा के साथ-साथ गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को बचाया जा सकता है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों को सरकार ने निर्देश दिए हैं कि पहले घायल का इलाज शुरू किया जाए, पुलिस कार्यवाही बाद में होगी। इसके अलावा जो व्यक्ति घायल को अस्पताल में लेकर आता है, उसको भी रेडक्रास सोसाइटी की ओर से मानदेय दिया जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणा की है कि सडक़दुर्घटनाओं में घायल होने




वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अटेली से विधायक एवं मंत्री आरती राव ने बताया कि रेवाड़ी में एम्स का निर्माण कार्य जोरों पर है और अप्रैल माह तक उसमें ओपीडी सेवाएं शुरू हो जाने की उम्मीद है। इसी प्रकार गुरुग्राम में करीब एक हजार करोड़ रूपए की लागत से 700 बिस्तरों का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश के सभी 22 जिलों में मेडिकल कालेज बनवाए जा रहे हैं। लोकनिर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सडक़ सुरक्षा के लिए धुंध के मौसम को देखते हुए प्रदेश में मुख्य मार्गों पर 3700 किलोमीटर की दूरी में तथा अन्य मार्गों पर 14 हजार किलोमीटर तक सफेद पट्टी बना दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गौसेवा आयोग का बजट बढ़ाकर अब 400 करोड़ रूपए का कर दिया है। किसी गौवंश का गौशाला की ओर से रजिस्ट्रेशन करवाया जाता है तो उसकी देखभाल के लिए भी गौसेवा आयोग की ओर से खर्चा दिया जाता है। सरकार के प्रयासों से अब बेसहारा पशुओं की संख्या में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों के सामने अवैध गति अवरोधक नहीं बनाने चाहिए। लोकनिर्माण विभाग की ओर से ऐसे अवैध स्पीडब्रेकर तुड़वाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर डीसीपी ईस्ट गौरव राजपुरोहित और सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सुमन दहिया, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की प्रथम वर्षगांठ पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन आज

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद नारायण शाखा फरीदाबाद द्वारा 22 जनवरी को सुन्दरकांड पाठ का आयोजन सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-37 में होगा। यह जानकारी देते हुए रामभक्त देवेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रात: 9 बजे पंडित श्री अरविन्द कुमार पांडे जी (सुन्दरकांड पाठ वाले) द्वारा सुन्दरकांड का पाठ होगा, तत्पश्चात पंडित हरिराम शास्त्री हवन करेगें व उसके उपरांत विशाल भण्डारा होगा। देवेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि यह भक्तिमय आयोजन भगवान श्रीराम की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महिमा का उत्सव मनाने के लिए समर्पित है। प्रभु श्रीरामलला की महिमा में भजनों, रागों और कीर्तन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे वातावरण दिव्य आनंद और भक्ति से भर जाएगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा भक्त इस आयोजन में सम्मलित होकर एक आहूति श्रीराम के नाम जरूर डालें।




# संविधान देश की एकता और अखंडता का प्रतीक : राजकुमार वोहरा

**संविधान समाज के हर वर्ग के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित है करता : राजकुमार वोहरा**

**संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा कार्यालय अटल कमल में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फ़रीदाबाद।** संविधान गौरव अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा, संविधान हमारे लोकतंत्र की नींव है। संविधान देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है और इसे बनाने में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का योगदान अविस्मरणीय है। बाबा साहेब ने जो संविधान हमें दिया, वह समाज के हर वर्ग के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित करता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इसे न केवल पढ़ें बल्कि इसे समझें और अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी इसके महत्व के बारे में बताएं। भाजपा का यह अभियान संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भारतीय जनता पार्टी फ़रीदाबाद द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यालय 'अटल कमल' पर किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संविधान की महत्ता पर चर्चा की और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने की। उनके साथ जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक आभास अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रवीण जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा और सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया, जिससे संविधान की मूल भावनाओं और मूल्यों को सभी के सामने पुन: स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन संविधान के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करने और इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की शपथ के साथ हुआ।

**संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य देशवासियों को संविधान के महत्व और इसके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना : मनोज वशिष्ठ**

जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा, संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य देशवासियों को संविधान के महत्व और इसके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। हमें गर्व है कि हम एक ऐसे लोकतंत्र का हिस्सा हैं, जहां संविधान के तहत सभी को समान अवसर मिलते हैं। भाजपा का यह कदम बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक आभास अग्रवाल ने कहा, संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत के लोगों के लिए एक दिशा-निर्देश है। भाजपा ने हमेशा भारतीय संविधान और इसके मूल्यों को सर्वोपरि रखा है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा समाज के सभी वर्गों को संविधान की महत्ता समझाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

# ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को गंभीरता से पूरा करे पंचायती राज विभाग : उपायुक्त मनोज कुमार

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायतों में चल रहे सभी विकास कार्यों को पंचायती राज गंभीरता से करें। जिन गांवों में मुख्यमंत्री घोषणा, सांसद निधि, डी प्लान व अन्य योजनाओं के तहत जितने भी कार्य चल रहे हैं उनकी प्रगति रिपोर्ट की मीटिंग में क्रमश: समीक्षा की गई। मीटिंग में संबोधित करते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि वर्ष 2025 में जिला सोनीपत में 100 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी तालाबों को पुर्नजीवित करने के लिए



चयनित करें जो पूरी तरह से खराब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन तालाबों की लिस्ट जल्द से जल्द सभी बीडीपीओ उपलद्बध करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने कई गांवों में चल रहे विकास कार्यों पर धीमी गति पर कई जेई व एसडीओ को फटकार भी लगाए। उन्होंने सीईओ जिला परिषद व डीडीपीओ को निर्देश दिए कि जिन कामों की गति धीमी पर और वह एक या दो साल देरी से चल रहे हैं उनकी मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट की जाए। इसमें अगर कोई दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्यों के लिए मिला पैसा ठीक ढंग से प्रयोग हो सके। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चौपाल, स्टेडियम अथवा खेतों के रास्ते के निर्माण में बाधा आ रही है तो वहां पर भी मौका निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारी रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि अभी जिला में पंचायती राज में ग्राम सचिव व जेई की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सभी ग्राम सचिव व जेई बेहतरीन ढंग से कार्य करें। उन्होंने मीटिंग जिला में प्रत्येक गांव में चल रहे कार्यों की क्रमश: समीक्षा की। मीटिंग में सीईओ जिला परिषद अभय सिंह, डीडीपीओ जितेंद्र यादव, एक्सईएन पंचायती राज कुलबीर फौगाट, सहित सभी बीडीपीओ, एसडीओ पंचायती राज, जेई व पटवारी मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार राज्यपाल फहराएंगे तिरंगा

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और एट होम कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

डीसी विक्रम सिंह और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने मंगलवार को समारोह स्थल की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों के साथ सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड का निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि वीवीआइपी आगमन को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष टीमों का गठन किया है, जो महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगी।

**डीसी विक्रम सिंह और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने गणतंत्र दिवस समारोह स्थल का किया निरीक्षण**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए गौरव व गर्व का पर्व है। हमें इसको भव्य ढंग से आयोजित करना है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल सहित वीवीआइपी रूट को चेक किया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी तैयारियां पूरी रखें। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करने, राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था,



वीवीआईपी, वीआईपी स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और समाज सेवी संस्थाओं के सम्मानित होने वाले प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड की टुकड़ियों की रिहर्सल तथा मैन स्टेज की व्यवस्था, माईक सर्विस, प्रैस गैलरी, बिजली, पानी, साफ सफाई, रंगोली सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एडीसी साहिल गुप्ता, डीसीपी हेडक्वाटर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी सेंट्रल उषा, डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, आरटीए सचिव मुनीष सहगल, ईओ गौरी मिड्ढा, जिला शिक्षा अधिकारी अजित कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में बाल विवाह जागरूकता शिविर का आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसे रोकने के लिए कानून की जानकारी देने के उद्देश्य से डीएवी स्कूल, सेक्टर-14, फरीदाबाद में एक बाल विवाह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रीतू ने की। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रीतू ने बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बचपन में विवाह करने के बजाय बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शिक्षा ही वह साधन है जिससे बच्चे बड़े होकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं।




शिविर के दौरान सभी उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने बाल विवाह न करने और इसे न प्रोत्साहित करने की शपथ ली। इस अवसर पर बताया गया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गांवों में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। लोगों को इसके दुष्प्रभावों और कानूनों की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महिलाओं और समुदाय के अन्य लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं बाल विवाह हो रहा हो, तो इसकी सूचना तुरंत दें।

उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीडि़त को हरसंभव मदद दी जाएगी। शक्ति अभियान के तहत, डीएलएसए ने विभिन्न विभागों जैसे जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विवाह निषेध अधिकारी, और पुलिस विभाग के साथ मिलकर प्रयास शुरू किए हैं। इन विभागों की टीमें फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित कर रही हैं। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि फरीदाबाद को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जाएगा और बच्चों को शिक्षित, सशक्त और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर दिया जाएगा।

# शिकायतों के निपटान में तेजी के लिए समाधान शिविर बने मददगार : डीसी

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान हो रहा है। डीसी विक्रम सिंह द्वारा निरन्तर लोगों की समस्या को सुनते हुए समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। समाधान शिविर में मंगलवार को डीसी विक्रम सिंह ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र,




जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। डीसी ने बताया कि जिले में फरीदाबाद मुख्यालय सहित बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठा अपनी समस्याओं का निदान करवा रहे हैं। समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार, एसीपी राजीव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ: संगम पर हुई संध्या आरती

## कई श्रद्धालुओं ने लिया भाग, मां गंगा को किया प्रणाम







**प्रयागराज ।** 26 फरवरी तक आयोजित हो रहे महाकुंभ 2025 के दौरान मंगलवार को त्रिवेणी संगम पर शाम की गंगा आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर मोक्षदायिनी मां गंगा को नमन किया। महाकुंभ में पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि मैं इस आध्यात्मिक समागम में भाग लेने के लिए यहां आया हूं। जिस तरह से यहां आम लोग, साधु-संत एक उत्सव भरे माहौल में हैं यह अचंभित कर देने वाली बात है। इसका श्रेय प्रशासन और सीएम योगी आदित्यनाथ को जाता है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन और बिजनेसमैन गौतम अदाणी ने महाकुंभ में पूजा-अर्चना और भक्तों में महाप्रसाद बांटने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक!' उन्होंने आगे कहा कि प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मां गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। महाकुंभ में पहुंचीं राज्यसभा सांसद व अरबपति सुधा मूर्ति ने कहा कि 'मैंने तीन दिन की मन्नत मानी थी, कल पवित्र स्नान किया, आज भी करूंगी और कल फिर करूंगी। मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मेरे नाना, नानी, दादा जी कोई नहीं आ सका। इसलिए मुझे उनके नाम पर तर्पण करना है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहली बार डिजिटल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। मैं राज्य सरकार की ओर से महाकुंभ में पधारे सभी संत-महात्माओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अपने बेटे जीत अदाणी की शादी पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है, 'जीत की शादी सात फरवरी को है। हमारी गतिविधियां आम लोगों की तरह हैं। उनकी शादी बेहद साधारण और पूरे पारंपरिक तरीकों से होगी।' गौतम अदाणी आगे ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं, यहां की आबादी 27 करोड़ है। अदाणी ग्रुप उत्तर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों में योगदान देना जारी रखेगा। हम राज्य में अपने निवेश को अधिकतम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है, 'प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ। यहां जो प्रबंधन है, वो वह अद्भुत है। मैं देशवासियों की ओर से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। यहां जो प्रबंधन है, वह प्रबंधन संस्थानों के लिए शोध का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बड़ा कुछ नहीं है।' प्रयागराज में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आयोजन हुआ है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। 50 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है, जिसमें से 10 करोड़ लोग पहले ही आ चुके हैं। शायद जनसैलाब का ऐसा नजारा कभी कल्पना या कल्पना में भी नहीं आया होगा। हर व्यक्ति की आस्था उमड़ पड़ी है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की। गौतम अदाणी ने त्रिवेणी संगम पर 'आरती' की। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संगम में डुबकी लगाई और इसके बाद मां गंगा की पूजा की। उनके साथ यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की मौजूद रहे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होंगे। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भी 1 फरवरी को समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार, 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ में शामिल होंगे। इस दौरान वे संगम में पवित्र स्नान करेंगे, गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। महाकुंभमेला 2025 में इस्कॉन मंदिर के शिविर में अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी पहुंचे। अदाणी समूह और इस्कॉन ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के लिए दी जा रही है। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपनी पत्नी प्रीति अडानी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को भोजन वितरित किया।

## आईएमए द्वारा 27 रोगियों में वितरित हुआ पौष्टिक आहार

संवाददाता



**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाये जा रहे गोद अभियान के क्रम में टीबी क्लीनिक के सभागार में आईएमए कुशीनगर द्वारा 27 टीबी रोगियों को तीसरे माह की प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गयी।

मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि टीबी मरीजों को पोषण की पोटली देने के साथ ही भावनात्मक लगाव भी रखें। कहा कि रोगी के साथ रहने वालों की भी जाँच जरूर कराकर उनके बचाव हेतु दवा दे दे ताकि समाज में कोई नया मरीज न बन पाये। समाज के सभी लोगों को मिलकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना चाहिये। अध्यक्षता कर रहे जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने आईएमए के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुये समाज के संभ्रांत व्यक्तियों से टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील की। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत पीपीएम नितेश राय तथा आभार एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने ज्ञापित किया। इस दौरान एसटीएस विवेक यादव, टीबीएचबी राकेश कुमार सिंह, डीईओ अरमान अहमद, लेखाकार कमलशंकर पांडेय, अविनाश गुप्ता, सूर्या शर्मा, एलटी अनिल सिंह, दीपक दुबे, राजा, विद्या, वीरेंद्र उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 413 जोड़ों का मिलन



**प्रतापगढ़ ।** एटीएल ग्राउंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 413 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर नई जिंदगी की शुरूआत की, जिनमें 408 हिंदू और 5 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के जीवन में खुशियां ला रही है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने महाकुंभ के दौरान इस आयोजन को विशेष शुभ संकेत माना। योजना के अंतर्गत सरकार प्रति जोड़े पर 51,000 रुपये का व्यय करती है। इसमें 35,000 रुपये सीधे दुल्हन के बैंक खाते में जमा किए जाते हैं। श्रृंगार सामग्री, आभूषण, वस्त्र और बर्तनों पर 10,000 रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि विवाह समारोह के आयोजन पर 6,000 रुपये व्यय किए जाते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ों ने भाग लिया। आसपुर देवसरा से 38, मानधाता से 49, लक्ष्मणपुर से 34, कालाकांकर से 31, मंगरौरा और कुंडा से 27-27, पट्टी और सांगीपुर से 24-24 जोड़े शामिल हुए। इसके अतिरिक्त सण्डवा चंद्रिका, गौरा, शिवगढ़, लालगंज, रामपुर संग्रामगढ़, बिहार, बाबागंज और अन्य नगर पंचायतों से भी जोड़ों ने हिस्सा लिया। सभी विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुए।

## गन्ना सप्लाई टिकट जारी नहीं होने से पर किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता



**कुशीनगर।** मंगलवार को रामकोला त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा महूई बुजुर्ग तौल केंद्र से जुड़े किसानों को गन्ना सप्लाई टिकट जारी नहीं करने से गन्ना किसानों ने नाराज होकर तौल केंद्र पर प्रदर्शन कर गन्ना सप्लाई टिकट जारी करने की मांग अधिकारियों से की। यहां तौल केंद्र से जुड़े गांव महूई, भैसाडाबर, कछुइया, घेरा, नरकटिया, धूसी टोला के किसान कमलेश चौधरी, प्रदीप, सुरेंद्र, अजय शर्मा, भगवंत सिंह, रामप्रसाद जायसवाल, सोनु, दिलीप पटेल, अजय शर्मा, अनुपम, जयराम, रवि, झुनझुन बाबा, रामप्रवेश सिंह आदि का कहना है कि इस केंद्र पर एक सप्ताह से गन्ना सप्लाई टिकट जारी नहीं हो रहा है। खेतों में गन्ना सुख रहा है। मिल द्वारा दूसरे जोन का गन्ना पेराई किया जा रहे किसान परेशान है। मिल का अधिकारी कोई सुनने को तैयार नहीं है केवल आश्वासन दिया जा रहा है। इस संबंध में सचिव गन्ना रामकोला पी अंगद वर्मा ने कहा कि नियमानुसार सप्लाई टिकट जारी हो रहा है।

## कांग्रेस ने अम्बेडकर का अपमान और संविधान को कलंकित किया: शकुंतला चौहान

संवाददाता

**कुशीनगर। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के साथ अन्याय किया है। 1952 और 1954 के चुनावों में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर को हराने के लिए कांग्रेस पार्टी कम्युनिस्टों के साथ मिलकर रणनीति बनाई, यहां तक कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने खुद उनके खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। नेहरू सरकार में मंत्री रहते हुए भी डॉ अम्बेडकर को रक्षा और विदेश मामलों की प्रमुख समितियों से बाहर रखा गया। उनके ज्ञान और योगदान को पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया था। यह बातें मंगलवार को रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री व कुशीनगर जिला प्रभारी शकुंतला चौहान ने कहा। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद, भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर ने दलित शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए सरकार से अपील की, लेकिन नेहरू सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बाबासाहेब के इस सपने को 2019 में भाजपा सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करके पूरा किया गया।जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू करने के मामले में भी कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर की चेतावनियों को नजरअंदाज किया। इस अनुच्छेद ने असमानता और अलगाववाद को बढ़ावा दिया। अंबेडकर ने हिंदू कोड बिल का मसौदा तैयार किया था, जो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक प्रगतिशील कानून था, लेकिन कांग्रेस ने इस बिल को पास नहीं किया, जिसकी वजह से डॉ. अंबेडकर ने 1951 में नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया।कांग्रेस ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को दिल्ली में अंतिम संस्कार की अनुमति तक नहीं दी और दिल्ली में उनके स्मारक के निर्माण का भी विरोध किया। देशहित में बाबासाहेब के महान योगदानों के बावजूद, कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। 1990 में भाजपा समर्थित सरकार द्वारा बाबासाहेब को भारत रत्न दिया गया। श्रीमती चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ही अपमान नहीं किया बल्कि संविधान को भी कलंकित किया। कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का 88 बार दुरुपयोग करके राज्य सरकारों को बर्खास्त किया, जिससे भारत की संघीय संरचना कमजोर हुई और केंद्र सरकार में सत्ता का केंद्रीकरण हुआ। आपातकाल के दौरान, कांग्रेस ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिससे भारतीय संविधान की आत्मा पर प्रहार हुआ। इस संशोधन ने मौलिक अधिकारों को सीमित कर दिया, न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर किया और कार्यपालिका में सत्ता का केंद्रीकरण किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय बन गया।**




**प्रदेश मंत्री शकुंतला ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। भाजपा ने बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। इनमें जन्मभूमि (महू), शिक्षा भूमि (लंदन), दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली), और चैत्य भूमि (मुंबई) शामिल हैं। ये स्थल उनकी यादों और विचारों को संरक्षित करते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, जो शोध और सामाजिक-आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। पडरौना विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके साथ ही, 1990 में संसद में उनका चित्र स्थापित किया गया। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2016 में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया, जिससे अनुसूचित जाति और जनजाति के पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद को बढ़ाया गया।**

**पूर्व विधायक शम्भू चौधरी ने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए 'भीम ऐप' लॉन्च किया गया, जिसका नाम बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के सम्मान में, उन्हीं के नाम पर रखा गया है। यह ऐप उनके योगदान के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि भाजपा ने अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण को 10 वर्षों के लिए बढ़ाया। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (एहर) के लिए 10% आरक्षण लागू किया और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। गोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व सदस्य हरिनाथ भाई, जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया गोंड, अनुसूचित मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध खरवार, जिला महामंत्री धर्मेंद्र भारती, जिला उपाध्यक्ष भृगुराशन प्रसाद, राधेश्याम पासवान, मोनू कन्नौजिया ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, आभार ज्ञापन जिला मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द और संचालन जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने किया। इस अवसर पर सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप, बंका सिंह पटेल, भीखम प्रसाद, राममनोहर गोंड, राकेश कुमार, इन्द्र मणि चौधरी, रामसागर कुशवाहा, नमो नारायण मौर्य सहित सैंकड़ों की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।**

## संक्षिप्त डायरी

### छुट्टी पर आया था सैन्यकर्मी, घर में नहीं मिली पत्नी तो खोया आपा, ससुराल जाकर ली जान




**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के छिदकुरी गांव में अपनी पत्नी मंजू यादव (35 वर्ष) की हत्या करने के आरोपी सैन्यकर्मी अरविंद सिंह यादव को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने सोमवार रात करीब एक बजे अटैना घाट की तरफ जाने वाले मार्ग से उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस की जांच में पता चला कि अरविंद अपनी पत्नी मंजू पर शक करता था। इसी शक में उसकी जान ले ली। फरुर्खाबाद के थाना कायमगंज क्षेत्र के गांव रानीगौरपुर निवासी अरविंद यादव की पत्नी मंजू यादव (35 वर्ष) 20 दिन पहले अपने मायके कलान के छिदकुरी गांव आई थी। सैन्यकर्मी अरविंद रविवार को अवकाश पर आया था। घर में पत्नी को नहीं पाकर कार से रात दस बजे ससुराल आ धमका। अरविंद ने पत्नी मंजू यादव को वीडियो कॉल करने के बाद दरवाजा खोलने के लिए कहा। मंजू ने दरवाजा खोला। विवाद के बाद अरविंद ने पिस्टल से उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। दो गोलियां मंजू के पेट और एक हाथ में लगी। बीच में आई 16 वर्षीय साली संगीता सीने में गोली लगने से घायल हो गई। परिजन दोनों को सीएचसी लेकर गए। वहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डॉक्टर ने मंजू को मृत घोषित कर दिया। संगीता का हालत गंभीर है। मृतक के भाई कुलदीप ने अरविंद, उसके भाई सौरभ व मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अरविंद को गिरफ्तार कर असलाह भी बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, पत्नी पर शक करने के चलते पारिवारिक विवाद बढ़ गए थे। आए दिन दोनों के बीच झगड़ा होता था। अवकाश पर आने पर मायके से विदा कराने आए अरविंद के साथ मंजू ने जाने से मना कर दिया था। इसी नाराजगी में उसने गोली मारकर हत्या कर दी। मंजू की उसके पति ने गोली मारकर हत्या कर दी। उसकी हत्या के आरोपी अरविंद को जेल भेज दिया गया। घटना के बाद उनके बच्चे बेसहारा हो गए हैं। मंजू का बेटा कृष्णा (8वर्ष), सूर्यांश (तीन वर्ष) व एक बेटी यति (5 वर्ष) है। हत्याकांड के बाद बच्चे गुमसुम हैं।

### सूदखोर के डर से उठाया आत्मघाती कदम, नहर में कूद गया युवक



**मैनपुरी ।** किशनी थाना क्षेत्र के गांव जवापुर के एक युवक ने सोमवार को ढढ़ौस पुल से नहर में छलांग लगा दी। जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक की तलाश की गई। दोपहर बाद एसडीआरएफ की टीम व फरुर्खाबाद से प्राइवेट गोताखोर बुलाए गए। मगर, शाम तक युवक का नहीं मिला। बताया जा रहा है कि युवक ने आर्थिक तंगी और कर्ज के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। जवापुर निवासी 32 भूपेंद्र उर्फ डबलू पुत्र रामदत्त शाक्य सोमवार को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को जानकारी मिली कि एक साइकिल व कपड़े नहर की पटरी पर रखे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर बरामद साइकिल व कपड़ों की पहचान परिजनों से कराई। इसके बाद नहर में तलाश शुरू करा दी। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ की टीम नहर पुल पर पहुंची। इसके बाद फरुर्खाबाद से निजी गोताखोरों की टीम भी बुलाई गई। प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम और निजी गोताखोरों की मदद से युवक की नहर में तलाश शुरू कराई। उसका अभी कोई सुराग नहीं लगा है। भूपेंद्र अपने मां-बाप की इकलौती संतान है। उसकी शादी दो वर्ष पूर्व सैफई के रमैयापुर निवासी चांदनी के साथ हुई थी। छह माह की एक पुत्री आर्या है। युवक सब्जी बेचने का काम करता था। परिजन व गांव वालों से पुलिस को जानकारी मिली है कि भूपेंद्र पर किसी सूदखोर का पैसा था। सूदखोर उससे पैसों को लेकर तगादा किया था। रुपये न होने के कारण वह तनाव में आ गया। इसके बाद ही उसने आत्महत्या के लिए नहर में छलांग लगा दी। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### चलते ट्रक में पीछे से घुसी कार, तीन की मौत, बरीक्षा कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा



**झांसी ।** बबीना थाना क्षेत्र के बड़ौरा चौराहा के पास भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना मंगलवार शाम 6.30 बजे की है। यहां आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार जा घुसी। इससे कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार इतनी बुरी तरह से ट्रक में घुसी थी कि जेसीबी से काटकर कार को ट्रक से अलग किया गया। जानकारी होते ही बबीना थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में लगे हैं। चिरगांव निवासी प्रदुम्न, करन और उनका एक साथी अपने किसी परिजन के बरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार यूपी-16 एएन 6253 से ललितपुर गए थे। शाम को लगभग 6.30 बजे यह लोग वापसी में बबीना के बडोरा चौराहा पहुंचे थे कि अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर आगे- आगे चल रहे ट्रक में उनकी स्विफ्ट कार जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी तेज थी कि पूरी कार ट्रक के नीचे जा घुसी और मौके पह ही तीनो की मौत हो गई। लोगों ने कार में फंसे तीनो को निकालने का प्रयास किया लेकिन कार इतनी बुरी तरह से ट्रक के अंदर घुस गई थी कि शव निकल ही नहीं रहे थे। इसके बाद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस भी शवों को नहीं निकाल सकी। जिसके बाद जेसीबी को बुलाकर कार को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। जिसके बाद सभी को झांसी मेडिकल कालेज भेजा गया है।

# 5 हजार रिश्वत लेते हुए हवलदार गिरफ्तार, जमानत दिलाने के लिए कर रहा था डील, एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने डबुआ थाने में तैनात हवलदार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पुलिसकर्मी पहले शिकायकर्ता से दो हजार रुपये ले चुका था।

**20 हजार रुपये की कर रहा था मांग**

एनआइटी की नेहरू कालोनी का रहने वाले धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरों को शिकायत देते हुए कहा कि उनके भतीजे का नाम मारपीट के मामले से जमानत दिलाने में सहयोग करने के लिए डबुआ थाने का हवलदार अनिल 20 हजार रुपये की मांग कर रहा है।

**एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर दबोचा**

अब उसने पांच हजार रुपये लेकर सोमवार को बुलाया है। एसीबी की टीम ने हवलदार को रंगे हाथ पकड़ने के लिए योजना तैयार कर ली। धर्मेंद्र को नोटों के साथ अनिल को पैसे देने के लिए भेजा गया। थाने में जैसे ही शिकायतकर्ता ने अनिल को पैसे दिए इंस्पेक्टर संतराम के नेतृत्व में टीम ने उसको दबोच लिया। टीम में डीआइसी जीएम सचिन कुमार को गैजेटेड बनाया रहा।

**रिश्वत लेने वाले एसआई के खिलाफ अदालत में पेश किया चालान**

उधर, एक अन्य मामले में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार साइबर थाना एनआइटी में तैनात एसआई अर्जुन के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने अदालत में चालान पेश कर दिया है। इस मामले में संलिप्त एसआई राम और साइबर थाने के तत्कालीन प्रभारी अमित कुमार फरार चल रहे हैं। अर्जुन फिलहाल जेल में बंद है। दिल्ली के आंनद विहार में रहने वाले निशिल गर्ग ने ब्यूरो को शिकायत दी थी। उसके दोस्त की जमानत कराने के नाम पर एसआई अर्जुन व एसआइ राम रिश्वत मांग रहे थे। 21 नवंबर 2024 को सेक्टर-15 की मार्केट में ब्यूरो की टीम ने अर्जुन को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। मौके से एसआइ राम भाग गया था। जिसे बाद में पकड़ा गया। इसी मामले में संलिप्त होने की वजह से साइबर थाना प्रभारी अमित कुमार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। तीनों आरोपितों को निलंबित किया जा चुका है। निशिल गर्ग ने बताया था कि 15 नवंबर 2024 को उसके दोस्त विशाल को दिल्ली के रोहिणी से गिरफ्तार किया था। विशाल की जमानत तीन दिन में करवाने की एवज में एसआई अर्जुन व एसआई राम 15 लाख रुपये बतौर रिश्वत मांग रहे थे। रिश्वत में से सात लाख रुपये 17 नवंबर 2024 को दे दिए गए थे। बकाया पांच लाख रुपये और मांगे जा रहे थे।

## भाजपा फरीदाबाद ने की सभी 29 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

# कर्मठ, जुझारू और निष्ठावान कार्यकर्ता ही चुने गए मंडल अध्यक्ष : राजकुमार वोहरा

**समाचार गेट/ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** संगठन पर्व के तहत मंगलवार को भाजपा फ़रीदाबाद के 8 मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ, जिनको मिलाकर फरीदाबाद जिले के सभी 29 संगठनात्मक मंडलों में 29 मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न हो गए हैं। भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर संपन्न चुनाव में तिगांव विधानसभा के 6 मंडल अध्यक्ष और एन आई टी के 2 मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गए। तिगांव विधानसभा में तिलपत मंडल में हरीश बैसला, सराय इन्द्रप्रस्थ मंडल में राजेश चौधरी, सेहतपुर मंडल में मुकेश झा, बसंतपुर मंडल में गौरव चौधरी, खेडी मंडल में सुधीर मेहता, तिगांव मंडल से में कृष्ण पहलवान एवं एन.आई.टी विधानसभा में डबुआ मंडल में गीता शर्मा, गौच्छी मंडल में दीपक दायमा एवं नंगला मंडल में सोनी अरोड़ा को मंडल अध्यक्ष चुना गया।

जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने जिला चुनाव अधिकारी पटौदी के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, सह चुनाव अधिकारी प्रवीण जैन एवं जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ की उपस्थिति में मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि 8 मंडल अध्यक्षों के चुनाव के साथ फरीदाबाद जिले के सभी 29 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन हो गया है।

संगठन पर्व के तहत पिछले 2 महीने से चुनाव प्रक्रिया चल रही थी, पहले साधारण सदस्य, फिर सक्रिय सदस्य बनाये गए और बूथ समिति के माध्यम से बूथ अध्यक्षों का चुनाव हुआ। जिला चुनाव अधिकारीयों पटौदी के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, सह चुनाव अधिकारी प्रवीण जैन एवं ज़िला प्रभारी नरेंद्र वत्स द्वारा चुनावी प्रक्रिया का निष्पक्षता के साथ पालन करते हुए मंडलों में प्रस्तावक और समर्थकों के हस्ताक्षर करवाकर फार्म भर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की। बूथ अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया। जिले की चुनाव प्रभारी नीरा तोमर, सह प्रभारी सुरेन्द्र जांगड़ा और मंडल एवं शक्ति केंद्र के चुनाव प्रभारियों में संगठन के चुनाव में अहम भूमिका निभाई।

श्री वोहरा ने कहा कि पार्टी के कर्मठ, जुझारू एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव में महिलाओं और अनुसूचित जाति के प्रतिनिधित्व के साथ 35-45 उम्र के युवा मंडल अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की। तिगांव और एन आई टी विधानसभा के नवनिर्वाचित 8 मंडल अध्यक्षों ने पार्टी संगठन और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# दयालबाग तिकोना पार्क का सुंदरीकरण 15 मार्च तक होगा फाइनल: धनेश अदलखा



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** दयालबाग तिकोना पार्क का सौंदर्यकरण 15 मार्च तक हो जाएगा, आज यहां भाजपा नेता शिशिर सिन्हा द्वारा आयोजित दही चूड़ा कार्यक्रम में पधारे क्षेत्रीय विधायक धनेश अदलखा ने यह घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के बच्चों द्वारा करीब एक दर्जन रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात विधायक धनेश अदलखा ने तिकोना पार्क , रेलवे लाइन के पास स्थित बी ओर ए ब्लॉक का भ्रमण किया और समस्याओं को समझा, इस समय विधायक के साथ यहां के तमाम लोग थे। रेजिडेंस वेलफेयर सोसायटी दयालबाग सेक्टर 39 के अध्यक्ष जेपी मिश्रा के अनुसार विधायक अदलखा ने शनिमंदिर रोड को ठीक कराने सहित साइड में टाइल्स लगवाने ओर पानी निकास हेतु कुछ व्यवस्था करने का आश्वाशन दिया इसके अलावा रेलवे लाइन साइड ही ब्लॉक के पानी निकास सहित सड़क को ठीक कराने और टाइल्स लगवाने का लोगो में घोषणा की। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के रंगारंग कार्यक्रम हुए इसलिए त्रस्र, ङ्क।क्कऔर संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। जिला संघ संचालक संजय अरोड़ा जी, जय किशन गुप्ता जी ओर विश्व हिंदू परिषद विभाग अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल ने अपने विचार रखे और वनवासी संगठनों की ओर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के बारे में जानकारियां दी।

# अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष पूरा होने पर छात्र-छात्राओं ने दिए जलाए




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पिछले साल 22 जनवरी को अपने मुहूर्त अनुसार हुई थी। बच्चों ने 22 जनवरी, 2025 की पूर्व संध्या पर जय श्रीराम लिख कर दिये जलाए। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने छात्रों को भगवान राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने अभिभावकों तथा अपने गुरूजनों का सम्मान करें। तथा अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए मेहनत करें। कार्यक्रम में मीनू गौतम के साथ ललित कुमार झा, रीना, प्रीति तथा रमेश चंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) द्वारा 2023 में शुरू किए गए राष्ट्रीय 'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान के तहत पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी) प्रशिक्षण फरीदाबाद जिला में चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एडब्ल्यूडब्ल्यू को सशक्त बनाना है, जो प्रारंभिक बाल विकास (ईसीडी) के प्रमुख सुविधा प्रदाता हैं, और इसके लिए उन्हें एक गहन 3-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण की सामग्री और प्रक्रिया को राष्ट्रीय लोक सहयोग और बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) द्वारा एमडब्ल्यूसीडी के सहयोग से तैयार किया गया है।

पीबीपीबी प्रशिक्षण एक चरणबद्ध मॉडल का पालन करता है, जिसमें प्रत्येक राज्य से मास्टर ट्रेनर्स या राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एसएलएमटी) को उनके संबंधित जिलों से नामित किया गया। हरियाणा में, नामित एसएलएमटी जिला स्तर के पर्यवेक्षक, सीडीपीओ या पोषण समन्वयक हैं, जिन्हें निकटतम एनआईपीसीसीडी क्षेत्रीय केंद्र में आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एसएलएमटी के प्रशिक्षण के बाद, अगला चरण या 'टियर-2' प्रशिक्षण 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बैच में आयोजित किया जाना है, जिसमें एसएलएमटी 3-दिवसीय इंटरैक्टिव प्रशिक्षण का संचालन करेंगे। टियर-2 का पहला बैच फरीदाबाद जिले में पूरा हो चुका है, जिसमें कुल 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एसएलएमटी द्वारा रॉकेट लर्निंग के सदस्यों के समर्थन से प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहीं और उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पूरे प्रशिक्षण अवधि के दौरान उत्साह दिखाने के लिए प्रेरित और सराहा। उन्होंने बताया कि यह 3-दिवसीय प्रशिक्षण पोषण और पढ़ाई और उनकी जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर आधारित था। एनआईपीसीसीडी द्वारा डिज़ाइन किए गए गतिविधि-आधारित प्रशिक्षण ने खेल-खेल में सीखने के उद्देश्य पर जोर दिया, जो प्रत्येक बच्चे की समावेशन प्रक्रिया को बढ़ावा देता है। प्रशिक्षण के दौरान, नवचेतना (0-3 साल के बच्चों के लिए राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल जागरूकता रूपरेखा) और आधारशिला (3-6 साल के बच्चों के लिए राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल शिक्षा पाठ्यक्रम 2024), जिसे 2024 में एमडब्ल्यूसीडी द्वारा जारी किया गया, पर चर्चा की गई।

पीबीपीबी प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में पूर्व-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के शिक्षण कौशल को विकसित करने और उन्हें पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुविधा प्रदाता के रूप में सशक्त बनाना है।

टियर-2 पीबीपीबी प्रशिक्षण के पहले चरण में जिले के कुल 35% आंगनवाड़ी केंद्र शामिल हैं, जिन्हें 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 4 बैचों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक बैच को एसएलएमटी द्वारा रॉकेट लर्निंग टीम के सक्रिय समर्थन से 3 दिनों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

# अजरोंदा गांव में रोटी बैंक के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा फरीदाबाद के सेक्टर 15 (अजरौंदा) में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के साथ मिलकर जरूरतमंद छात्र छात्राओं को 131 जूते वितरित किए। इसके साथ ही नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह भापुसे, के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन और नेतृत्व में नशा मुक्त अभियान चलाया हुआ है। इस कड़ी में भावी पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। जागरूकता के साथ साथ नशे में जा चुके लोगों का पुनर्वास कराया जा रहा है। इतना ही नहीं युवाओं के उत्थान में भी कुछ प्रयास हो रहे हैं। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र और प्रयास फाउंडेशन नशा मुक्त अभियान में सहयोग कर रहे हैं। रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन नशे में ग्रस्त हो चुके उपचारधीन लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है तो प्रयास फाउंडेशन द्वारा नशा में ग्रस्त लोगों के लिए आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नशा छोड़ने वाले लोग 9050891508 पर संपर्क कर सकते हैं। फरीदाबाद सेक्टर 15 निवासी ब्रह्मकुमारी एवं अधिवक्ता हितेषी अरोड़ा और उनकी माता जी ने इस कार्य में सहभागिता की और अपने कर-कमलों से जूते वितरित किए। विद्यालय की प्राचार्य पूनम तनेजा ने हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और रोटी बैंक के कार्यों की सराहना की।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर 4 यूनिट सील

## 3 यूनिट से जमा कराए 5 लाख 50 हजार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के कराधान विभाग बल्लभगढ़ जॉन में प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी बकाया राशि जमा न कराने वाले प्रॉपर्टी मालिकों की जॉन 1 ओल्ड और जॉन 2 में 4 यूनिटें सील की गई हैं। जबकि 2 दुकानदारों और 1फ्लैट मालिक ने अपना टैक्स मौके पर जमा करा दिया। इन यूनिटों पर लगभग लाखों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। नगर निगम द्वारा यह सीलिंग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। बता दें कि निगम द्वारा पहले ही प्रॉपर्टी के बकाया टैक्स मालिकों को नोटिस दिए जा चुके थे, जिन्हें सील किया गया है। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों को इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के पास प्रॉपर्टी टैक्स की बड़ी राशि बकाया है उन्हें तुरंत प्रभाव से सील किया जाए और यह अभियान लगातार जारी रखें।

**अपील:** नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके। उन्होंने कहा की नगर निगम को प्राप्त होने वाला यह टैक्स शहर के विकास के लिए प्रॉपर्टी मालिको से लिया जाता है। समय पर टैक्स जमा होगा तो शहर का विकास भी बेहतर होगा।



# जिले में चलाया जाएगा स्कूली बसों की विशेष चेकिंग अभियान : मुनीश सहगल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण मुनीश सहगल ने कहा कि जिला में विशेष अभियान चलाकर विद्यालय की बसों की चेकिंग की जाएगी और उनकी फिटनेस की जांच की जाएगी। सचिव आरटीए मुनीश सहगल ने कहा कि जांच में स्कूल बसों की फिटनेस सही न पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी और स्कूल वाहन भी जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक व परिजन चाहते हैं कि जैसा सुरक्षित माहौल उनके बच्चों को घर पर मिलता है वैसा ही सुरक्षित माहौल उन्हें विद्यालयों में मिलें ताकि उनके बच्चे सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई कर सकें और उनके अभिभावक व परिजन उनकी सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहें। विद्यार्थियों को घर से स्कूल तक सुरक्षित ले जाना व लाना तथा स्कूल में सुरक्षित माहौल प्रदान करना स्कूल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है। स्कूल संचालकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी,अवहेलना पर कोई माफी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि पूर्व होने उपरांत भी जिन विद्यालय में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निर्धारित मानकों व मापदंडों में कमी पाई जाती है तो जिला प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरटीए सचिव मुनीश सहगल ने कहा कि मंगलवार से लगातार सघन जांच अभियान शुरू हो चुका है जो फरवरी माह अंत तक रहेगा और प्रत्येक स्कूल की बसें सडक़ों पर और स्कूल परिसर में जाकर चैक की जाएंगी। इस अभियान में सभी स्कूल प्रबंधकों से जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की गई है।



# समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं शिविर में 14 शिकायतें दर्ज हुई, अधिकारियों के दिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के निर्देशों पर समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों का अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर को लेकर रुझान बढ़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है। नागरिक भी समाधान शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की जा रही समस्याओं की सुनवाई के प्रति संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

मंगलवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने लघु सचिवालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 14 शिकायतें दर्ज हुई।




उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करने के लिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे, इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका भी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

एडीसी ने कहा कि इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक की सरकारी सेवाओं और योजनाओं तक आसान पहुंच हो और सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने में उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगाये जा रहे समाधान शिविर आमजन की समस्या के निवारण के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। आमजन द्वारा शिविर की सराहना की जा रही है क्योंकि उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक बेहतर मंच मिला है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे मौजूद रहकर उनकी समस्या का निराकरण करते हैं।



## संपादकीय

# मुफ्त की होड़ में बुनियादी समस्याएं गायब?

सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं।

दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ प्रगति की ओर अग्रसर

### युवा संगम फेज पांच के अंतर्गत हकेंवि के विद्यार्थी मध्य प्रदेश के लिए हुए रवाना

### विश्वविद्यालय कुलपति ने झंडी दिखाकर किया रवाना

### एक भारत श्रेष्ठ भारत के युवा संगम फेज पाँच के अंतर्गत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**महेंद्रगढ़।** युवा संगम फेज-पांच के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के विद्यार्थी मंगलवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से विद्यार्थियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत विद्यार्थी मध्य प्रदेश के पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क के माध्यम से बहुआयामी अनुभव मिलेगा। कुलपति ने इस अवसर पर आयोजन के लिए भारत सरकार विशेषकर शिक्षा मंत्रालय के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. आरपी मीणा ने बताया कि इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का सहयोगी संस्थान है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित युवा संगम फेज पाँच के अंतर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के नेतृत्व में विद्यार्थियों के समूह ने बीते दिनों हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हरियाणा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर हरियाणा के इतिहास, कला व संस्कृति को जाना समझा। इसी क्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मध्य प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय से रवाना दल में शामिल विद्यार्थी प्रो. आशीष माथुर व डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा, डॉ. जितेंद्र कुमार व डॉ. तनवी भाटी के निर्देशन में यह यात्रा करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि मध्य प्रदेश की कला, संस्कृति और प्रगति को करीब से जानने का यह एक अच्छा अवसर है। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही हम इस कार्यक्रम के लक्ष्य को प्राप्त कर पा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. आशीष माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो. माथुर ने कहा कि अवश्य ही यह यात्रा युवा संगठन के उद्देश्य की प्राप्ति में मददगार साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. देवेंद्र राजपूत, डॉ. विद्युलता रेड्डी, डॉ. विष्णु कुचरिया, पवन कुमार, डॉ. मोहित, प्रेरणा, अन्नु, हेमलता, मोनिका सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी, शोधार्थी उपसथित रहे।

## बागोत के मोहित सुसाइड मामला

# हाइकोर्ट के आदेश दरकिनार, मृतक का पिता एकसूत्री मांग एफआईआर करने पर अडा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी कैलाश चंद द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ द्वारा दिए गए आदेशों को दरकिनार कर दिया है। उनकी ओर से एकसूत्री मांग एफआईआर दर्ज करने की रखी जा रही है। उसके बाद उनकी ओर से मृतक बेटे का दाह संस्कार करने की बात कही जा रही है। कैलाशचंद द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई अर्जी पर बीते बृहस्पतिवार को माननीय न्यायधीश हरप्रीत सिंह बरार ने तीन दिन में मृतक मोहित का अंतिम संस्कार करने के आदेश दिऐ थे। यह समयावधि रविवार, 19 जनवरी को पूरी हो गई। 20 जनवरी को कनीना के एसडीएम जितेंद्र सिंह व डीएसपी दिनेश कुमार एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन एवं हाईकोर्ट पंहुचे ओर जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की। जिस पर अभी निर्णय नहीं लिया जा सका है। कैलाश चंद ने कहा कि अभी तक उनके पास उनके वकील या हाईकोर्ट की ओर से किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली है।

### जिला प्रशासन ने एचएचआरसी व हाईकोर्ट में जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की

ईधर परिजनों ने सुसाइड कर चुके 26 वर्षीय मोहित के शव का 40 दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं किया है। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने वादी कैलाश चंद एवं प्रतिवादी पक्ष हरियाणा सरकार के सीनियर डीएजी सुखदीप परमार की दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुनकर 3 दिन की अवधि के भीतर मोहित का दाह संस्कार करने, उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा जांच में सहयोग करने के आदेश दिए थे। इन आदेशों पर कैलाशचंद नहीं टिक पाया। जिसके चलते मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। दूसरी ओर सरकार ने उनके आरोप पत्र की जांच के लिए किसी आईपीएस अधिकारी को डेप्यूट नहीं किया गया है। 20 मई 2025 तक मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है। सोमवार सांय थाना इंचार्ज नोटिस तामील करवाने गया तो कैलाश चंद ने उसे रिसीव करने से मना कर दिया। कैलाशचंद का कहना है कि पुलिस पहले एफआईआर दर्ज करे उसके बाद वह अपने बेटे का अंतिम संस्कार करेगा।

बता दें कि 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात आठ बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव को कब्जे में लेकर शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उन्होने कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। जबकि मृतक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट आदि नहीं मिला था। पिछले 40 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें दुर्गंध उठने लगी है। समाचार लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मचारी हालातों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# रोजका मेव ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपए का घोटाला करने वाले पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद की गिरफ्तारी की मांग

### तत्कालीन डीसी ने गवन के आरोप में पूर्व सरपंच पर कराई थी एफआईआर दर्ज

### राष्ट्रपति के द्वारा गांव गोद लेने पर पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद ने किया था घोटाला



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले की ग्राम पंचायत रोजका मेव में करोड़ों रुपए के घोटाला करने वाले पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने घोटाले के आरोपी पूर्व सरपंच की गिरफ्तारी की मांग है। नूंह के तत्कालीन जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने एचएसआईआईडीस के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों, जिला राजस्व अधिकारी व रोजकामेव के पूर्व महिला सरपंच खातुनी और पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद पर धोखाधड़ी, गबन सहित अन्य धाराओं के तहत पुलिस कार्रवाई करने के आदेश दिए थे तथा तत्कालीन सरपंच दीन मोहम्मद को भी निलंबित भी कर दिया था। लेकिन कई महीना बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के द्वारा पूर्व सरपंच दीन मोहम्मद की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जिसको लेकर गांव के मौजूद लोगों ने बैठक कर पूर्व सरपंच की गिरफ्तारी की पुलिस प्रशासन से मांग की है। इस दौरान शिकायतकर्ता हाजी अर्जुन ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा गांव रोजका मेव को गोद लिया गया था उसे समय पूर्व सरपंच के द्वारा करीब 55 करोड़ों रुपए के घोटाला किया गया था। घोटाला उजागर होने के बाद सरपंच को पद से निलंबित कर दिया गया था तथा सरपंच के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था लेकिन अभी तक सरपंच की कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है तथा घोटाले के आरोपी सरपंच गांव में माहौल खराब करने की ताक में रहता है। वही शिकायत करता हाजी अर्जुन का कहना है कि घोटाले का आरोपी खुलेआम घूम रहा है पुलिस से आरटीआई के जवाब मिलता है कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस जा रही है लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस पर ही सवालिया निशान खड़ा होता है। वही गांव के लोगों व शिकायतकर्ता हाजी अर्जुन ने मांग की है कि जल्द से जल्द घोटाले के आरोपी को पुलिस पकड़े और जो गांव में तनाव बनाने की कोशिश पूर्व सरपंच के द्वारा की जा रही है उसे पर रोक लगाने का काम किया जाए।

## दोस्त के घर आए युवकों से मारपीट कर घायल करने के आरोप में केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दोस्त के घर आए दो युवकों से मारपीट कर घायल करने के आरोप में कनीना सदर थाना पुलिस ने 8-9 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में सेहलंग निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 जनवरी को अपने साथी प्रीतम के साथ बाइक पर सवार होकर कनीना से वापिस लौट रहे थे। खेडी गांव के समीप पंहुचे तो प्रीतम के पास उसके दोसत साहिल वासी खेडी का फोन आया। जिससे वे उनके घर पर चले गये। जहां साहिल व आशीष मिले। चारों युवक बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास किसी की कॉल आई जिसमें बताया गया कि उनके घर की ओर कार सवार मारपीट करने आ रहे हैं। इस पर साहिल ने कहा कि दिन में उनका झगडा हुआ था शायद वहीं लोग आ रहे होगें। इतना सुनकर साहिल व प्रीतम बाईक पर सवार होकर एनएच 152डी की ओर जाने लगे। इतने में ही 8-9 व्यक्ति हाथों में डंडे लेकर आए ओर रास्ते में रोककर मारपीट करने लगे। जिससे वे दोनों घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर पीजीआईएमएस रोहतक रैफर कर दिया। पुलिस ने साहिल वासी सेहलंग की शिकायत पर मारपीट के अज्ञात आरोपियों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## अखील भारतीय किसान सभा की मीटिंग हुई किसान भवन सिवानी में



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** मिटींग में 26 जनवरी को सयंकुत किसान मोर्चा के आहवान पर ट्रक्टर मार्च निकालने के फैसला किया गया की सिवानी मे झुम्पा गांव में टैरक्टर मार्च निकाला जायेगा।आज की मिटींग में किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया, अंतर कस्वां,मास्टर उमराव सिंह, रामचंद्र फौजी, राजमल देहड़ू,राजबीर बिशनोई, कुलदीप बड़वा, महेन्द्र गोदारा,आजाद मिराण, ताराचंद सतबीर ढाण्डा, माहबीर भोभीया, सुरेंद्र, माहसिंह, प्रताप, राजा बाबल आदी। किसान सभा ने फैसला किया है की 26 जनवरी के ट्रक्टर मार्च के बाद सिवानी तहसील में बकाया बिमा, मुआवजा व बढाये गये बिजली के रेट व अन्य किसानों की मांगों को लेकर आन्दौन की योजना बनाई जायेगी जिसके लिए गांव में किसान सभा की कमेटी गठीत की जायेंगी और फरवरी महीने में आन्दोलन की धोषणा की जायेगी।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आकेड़ा में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को विद्यालय में युवा संसद की प्रतियोगिता प्रधानाचार्या अजरा खान जी की अध्यक्षता में बच्चों द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में संसदीय प्रक्रिया और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना था।

युवाओं को कार्यक्रम के माध्यम से संसद की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। युवाओं द्वारा समसामयिक मुद्दे पर विचार-विमर्श करते हुए भारतीय संसद की कार्यप्रणाली को जीवंत किया। इस अवसर पर जिला स्तर से आए निर्णायक मंडली में श्री हकम सिंह और श्री देशपाल जी उपसथित रहे थे। कार्यक्रम में संसद की अध्यक्षता कर रहे छात्र नीरज ने जहाँ आदर्श संसद के संचालन का मानदंड प्रस्तुत किया, वही विपक्ष नेता में साहिब ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई पर अपनी आवाज उठाई। प्रधानमंत्री की भूमिका में तुफैल ने सत्ता पक्ष को संभालते हुए संसद के मंत्रीमंडल से सभी का नवनिर्वाचित सदस्यों का परिचय करवाया। युवा संसद कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने संसदीय कार्य व्यवस्था को सरकार एवं विपक्ष के माध्यम से प्रश्न काल का मंचन किया। जिसमें फरान, शहनाज, शहरीन, नेहा, बिलकिश, सादिया, सिफा, दिलवाना, सहजल, जानिस्ता, मनीषा, साबरीन, सोनिया, असमीना शाहरूख, नीरज, नसीम आदि ने विभिन्न पदों पर चयनित होकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सांसद की भूमिका निभाई।

## गांव-गांव तक हर घर परिवार- सूर्यनमस्कार पहुचाने का लक्ष्य : डा. यशबीर गहलावत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत के मार्गदर्शन में विभाग में कार्यरत योग विशेषज्ञ, योग सहायकों व योग प्रशिक्षको के माध्यम से जिले के हर गांव तक सूर्यनमस्कार पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ये योग सहायक, योग प्रशिक्षक अपनी-अपनी व्यायामशालाओं, आयुष औषधालयों, स्कलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्यनमस्कार के कैम्पों का आयोजन कर रहें है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि यह सूर्यनमस्कार अभियान 12 फरवरी तक चलेगा और बताया कि सूर्य नमस्कार ऐसी योग मुद्रा है जो शरीर के कई हिस्सों में मौजूद मांसपेशियों में खिंचाव व लचीलता लाता है। नियमित रूप से यह योगासन करने से ये मांसपेशियां मजबूत होने लगती है और शरीर को भी इससे मजबूती मिलती है। रोजाना सूर्य नमस्कार करने से पेट के सभी अंग उत्तेजित होते हैं और इससे पाचन क्रिया भी सामान्य रूप से काम करने लगती है। यह एक ऐसा योगभ्यास है जो आपके शरीर के एक एक अंग को फायदा पहुंचाता है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## प्रयागराज महाकुंभ में तंत्र-मंत्र करते नजर आए आईआईटीयन बाबा

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुंभ में काफी सुर्खियां बटोर चुके आईआईटी वाले बाबा का कोई एक ठिकाना नहीं है। जूना अखाड़े से निकालने के बाद वह हर बार एक नई जगह पाए जाते हैं, इस बार आईआईटी वाले बाबा उर्फ अभय सिंह संगम के करीब देर रात तंत्र मंत्र करते नजर आए। आईआईटीयन बाबा ने कहा कि मुझे अगर एनर्जी बनानी होती है, तब एक अगरबत्ती रहेगी साइड में, फिर एनर्जी के हिसाब से दीपक रखे जाएंगे। मैं प्रिजेंट मोमेंट के हिसाब से एग्जिक्यूट करता हूं। जो जीते हो वहां वर्तमान ही है, वर्तमान ही तब भूत बनता है बाद में। भविष्य के बारे में चिंता करना सही नहीं है लेकिन भविष्य के बारे में सोच सकते हो, प्लान कर सकते हो। चिंता जो शब्द है वह अलग है, चिंता का मतलब है कि टेंशन हो गय। हर प्रेजेंट मोमेंट को 100 प्रतिशत जीना है, और उसके हिसाब से ही आगे-आगे चीजें होती जाएगी। पुनर्जन्म पर कहा कि यह समझने के लिए आपको जन्म और मृत्य को समझना होगा। किसी चीज को पकड़ कर रखना। कोई मोमेंट जो अच्छा चल रहा है और मैं सोचूं यह ऐसा ही चलता जाए। असल में यूनिवर्स की टेंडेंसी है बदलाव की, लेकिन हम चाहते हैं कि सब स्थिर रहे। यह उम्र के साथ होता है, पैसे के साथ होता है। लोग भूल जाते हैं कि सबकी मौत निश्चित है। लगाव का मतलब ही मोह है, प्रेम में अंतर है, वह बीच में रखता है, वह स्थिर होने की कोशिश नहीं करता।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में ताजा बर्फबारी, 7 से 8 इंच तक बर्फ जमी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर, जेड-गली, फरकियान टॉप और सदना टॉप सहित ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण 7 से 8 इंच तक बर्फ जम गई है। इसके कारण अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है। फिसलन भरी सड़कों और प्रतिकूल मौसम ने बुदनामल, कुमकडी, बंगस घाटी और पोथवारी जैसे अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है, जहां बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में भारी बारिश हुई है। जिला प्रशासन ने ऊपरी इलाकों में रहने वाले लोगों को सलाह दी है कि वे हालात में सुधार होने तक अनावश्यक बाहरी गतिविधियों से बचें। प्रशासन ने बताया कि मौसम के स्थिर होने के बाद यातायात बहाल किया जाएगा।

## शुरुआती जांच में बनी संभावना : 17 मौतों की वजह हो सकती है कीटनाशक

जम्मू। राजौरी में बीते कई दिनों से हो रही रहस्यमई मौतों के राज से पर्दा उठता दिख रहा है। शुरुआती जांच के बाद यह सामने आया है कि एक के बाद एक हो रही मौतों के पीछे कीटनाशक एक वजह हो सकती है। बता दे कि मृतक राजौरी जिले के बधाल गांव के तीन परिवारों के थे। फिलहाल स्थानीय प्रशासन ने बावली को सील करने का निर्देश दिया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था और टीम को राजौरी से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित गांव का दौरा करने का आदेश दिया था टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के अधिकारी कर रहे हैं और इसमें स्वास्थ्य, कृषि और अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। जानकारों ने बताया है कि गांव के एक बाओली में कीटनाशक के अवशेष पाए गए हैं। खबरों के मुताबिक जिन लोगों की मौत हुई, उन्होंने उसी इस बावली के पानी का सेवन किया था। गौरतलब है कि राजौरी के एक ही गांव में 17 लोगों की रहस्यमई परिस्थितियों में मौत हो गई है। इनमें 14 बच्चे भी शामिल हैं। बीते सप्ताह केंद्रीय गृह मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए थे। खबरों के मुताबिक ऐसा संदेह है कि पीड़ितों की मौत इसी बावली का पानी पीने की वजह से हुई है। सूत्रों ने यह भी कहा है कि इस मामले पर आगे की जांच जारी है। वहीं अधिकारियों ने यह भी बताया है कि अभी तक प्रदूषित पानी और मौतों के बीच कोई सीधा संबंध होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है, हालांकि जांच जारी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह मौतें रहस्यमई नहीं हैं और इसके पीछे कोई वायरस या बैक्टीरिया है।

## सुप्रीम कोर्ट में चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दायर की गई याचिका, जांच को प्रभावित करने का आरोप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है जिसमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनकी सरकार पर उनके और अन्य लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामलों की जांच को पटरी से उतारने के व्यवस्थित प्रयासों का आरोप लगाया गया है। याचिका में हितों के गंभीर टकराव और समझौतापूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण का हवाला देते हुए सात मामलों को आंध्र प्रदेश अपराध जांच विभाग (सीआईडी) से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। आंध्र प्रदेश के एक वकील द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि वर्तमान राज्य प्रशासन भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और आपराधिक हेराफेरी के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच में बाधा डालने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। इन मामलों में, जिनमें एपी फाइबरनेट लिमिटेड मामला, आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) मामला, इनर रिंग रोड मामला और दो असाइन्ड लैंड स्कैम मामले शामिल हैं, कहा जाता है कि इसमें मुख्यमंत्री और कई उच्च-रैंकिंग अधिकारी शामिल हैं।

## भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने परिवार के सदस्यों के साथ किया ताज का दीदार

आगरा। भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने भूटान शाही परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखा और परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक बिताया। राजमाता ने ताज महल के अंदर शाही परिवार के साथ फोटो खिंचवाईं। भूटानी शाही परिवार को टूरिस्ट गाइड शमशुद्दीन ने ताज महल दिखाया और इसके बारे में जानकारी दी। शमशुद्दीन ने बताया कि राजमाता 30 साल पहले भी ताजमहल देखने आई थीं और यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान यांगदोन ने एक बार फिर ताजमहल के इतिहास के बारे में जाना। शाही परिवार के सदस्यों ने स्मारक के बारे में, इसके निर्माण और नक्काशी सहित कई सवाल भी पूछे। ''वे ताजमहल की खूबसूरती को लेकर बहुत उत्सुक थे।

# केरल ने केंद्र से यूजीसी नियमों को खत्म करने का किया आग्रह, विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित



**पटना (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आज राज्य विधान सभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से 2025 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने और राज्य सरकारों और अकादमिक विशेषज्ञों के साथ व्यापक चर्चा के बाद नए मानदंड पेश करने का आग्रह किया गया। यह प्रस्ताव विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। अपने भाषण में, मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश भर के विश्वविद्यालय अपने संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों के अनुरूप काम करते हैं, और उचित परामर्श के बिना केंद्रीय नियमों को लागू करने का कोई भी कदम भारत के संघीय ढांचे को कमजोर कर देगा।

सीएम ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों के अनुसार कार्य करते हैं क्योंकि उनके पास विश्वविद्यालयों की स्थापना और पर्यवेक्षण करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए समन्वय और मानक तय करने की शक्ति केवल केंद्र सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को नजरअंदाज करके और सभी हितधारकों के साथ चर्चा किए बिना, केंद्र ने मसौदा दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें कुलपतियों की नियुक्ति सहित राज्य सरकारों की राय को पूरी तरह से बाहर रखा गया है, और इसलिए, वे 'संघीय प्रणाली और लोकतंत्र के साथ असंगत हैं।'

सीएम ने दावा किया कि मानदंडों में निजी क्षेत्र के व्यक्तियों को भी कुलपति के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने का प्रावधान, जबकि अकादमिक विशेषज्ञों पर विचार नहीं किया गया, 'उच्च शिक्षा क्षेत्र का व्यावसायीकरण करने का एक कदम था। उन्होंने तर्क दिया कि 2025 के यूजीसी मानदंडों के मसौदे को केवल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करने और इसे 'धार्मिक और सांप्रदायिक विचारों को फैलाने वालों के नियंत्रण' में लाने के कदमों के हिस्से के रूप में देखा जा सकता है।

## सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर लगी रोक

नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के संपूर्ण बेड़े के उड़ान भरने पर लगी हालिया रोक सशस्त्र सेनाओं के लिए दुखद है। लेकिन हमें उम्मीद है कि यह मामला जल्द हल हो जाएगा। इसी जनवरी के महीने में गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षकबल के एक एएलएच के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लगभग 15 दिनों से ध्रुव हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने पर रोक लगी हुई है। रक्षा सचिव गणतंत्र दिवस परेड समारोह में भाग लेने वाले मुख्य आकर्षक बिंदुओं के बारे में सम्मेलन में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। इस दौरान ध्रुव हेलिकॉप्टर के परेड से जुड़े फ्लाई पास्ट में भाग लेने को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त हादसे की वजह से ध्रुव हेलिकॉप्टर इस बार गणतंत्र दिवस परेड में भाग नहीं ले सकेगा। फिलहाल इसकी निर्माता कंपनी एचएएल द्वारा तीनों सेनाओं (सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षकबल) में शामिल कुल करीब 330 हेलिकॉप्टरों की सुरक्षा जांच की जा रही है। उधर, सेना के सूत्रों ने कहा कि परिस्थिति चुनौतीपूर्ण है। लेकिन ध्रुव की अनुपस्थिति से सीधे तौर पर लॉजिस्टिक, सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही और रणनीतिक अभियानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हमारे पास बाकी हेलिकॉप्टर हैं। लेकिन वर्तमान में ध्रुव का ना होना रणनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण तो है। नौसेना और तटरक्षकबल अपने समुद्री अभियानों में दिक्कत का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब ध्रुव हेलिकॉप्टर के समूचे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगाई गई है। पूर्व में 2023 में इस तरह की समस्या आ चुकी है।

## पीड़िता मृतक डॉक्टर के पिता ने... ममता बनर्जी से कुछ नहीं करने की अपील की

**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर बलात्कार और हत्याकांड के आरोपी संजय रॉय को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस फैसले पर पीड़िता डॉक्टर का परिवार नाराज हैं। हालांकि, उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कुछ नहीं करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ के आरोप भी ममता सरकार पर लगाए हैं। बीते साल 9 अगस्त को 32 साल की ट्रेनी डॉक्टर की रेप कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के पिता ने कहा, हमें आदेश की कॉपी मिलने दीजिए, हम आदेश की कापी मिलने के बाद तय करने वाले हैं कि इस मामले में क्या करना चाहते हैं। उन्हें (सीएम ममता बनर्जी) को जल्दबाजी में कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। आज तक मुख्यमंत्री ने जो किया है, इसके बाद उन्हें आगे कुछ नहीं करना चाहिए। यह कहते हुए कि उम्रकैद इसलिए दी गई, क्योंकि सीबीआई उचित सबूत नहीं दे सकी, पीड़िता के पिता ने कहा, वे बहुत कुछ कह सकते हैं, लेकिन उन्होंने सिर्फ सबूतों से छेड़छाड़ की है...। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने सबूतों से छेड़छाड़ की। क्या ये सब उन्हें शुरुआत से नजर नहीं आया। मृतका के परिजन ने कहा कि वे दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि मामले की जांच अधूरे मन से की गई और अपराध में शामिल कई अन्य अपराधियों को बचाया गया। उन्होंने कहा कि वे न्याय के लिए ऊपरी अदालत में जाएंगे। मृत महिला चिकित्सक की मां ने फैसले आने के बाद कहा, हम स्तब्ध हैं। यह कैसे यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में नहीं है। ड्यूटी पर तैनात एक चिकित्सक को बलात्कार के बाद मार डाला गया। हम निराश हैं। इस अपराध के पीछे बड़ा षड़यंत्र था।

वहीं सीएम बनर्जी ने निचली अदालत के फैसले पर गहरी नाराजगी जातकर हैरानी जाहिर की हैद्य। उन्होंने अदालत का फैसला आने के बाद कहा कि यह मामला दुर्लभ से दुर्लभतम' मामलों में से एक था और अदालत का यह निर्णय इस दृष्टिकोण से बिल्कुल मेल नहीं खाता कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बेहद निराशाजनक था और इस मामले को 'दुर्लभतम' मामलों में गिना जाना चाहिए था, जिसमें दोषी को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने से बचें लोग, ममता बनर्जी बोलीं- इसकी सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करना बीएसएफ की जिम्मेदारी है और उन्होंने मालदा जिले के स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई समस्या हो तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव उत्पन्न होने के बाद आई है। दोनों देशों के किसानों के बीच तकरार थोड़ी देर के लिए झड़प में भी बदल गई।

मालदा जिले में एक बैठक में बोलते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई समस्या हो तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों के पास न जाएं। इस जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। उन्होंने कहा, 'सीमा की रक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि



अगर उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती इलाकों में न जाएं।' बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर सतर्क नजर रखने का भी आग्रह किया जो भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादों के साथ होटल के कमरों में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे।'

बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर बांग्लादेश से घुसपैठ को अनुमति देने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के 'ब्लूप्रिंट' के हिस्से के रूप में ऐसा किया जा रहा है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने आरोप से इनकार करते हुए बताया था कि वह देश की सीमा की पूरी लगन से रक्षा करता है।

## महाकुंभ में योगी कैबिनेट की ऐतिहासिक बैठक आज, संगम में डुबकी लगाएंगे मुख्यमंत्री और मंत्री

प्रयागराज, प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार, 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपनी कैबिनेट की बैठक कर एक इतिहास रचने जैसा कार्य करने जा रही है। यह बैठक त्रिवेणी संगम के निकट अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में आयोजित की गई है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कुल 54 मंत्री शामिल होंगे। इस कैबिनेट में हिस्सा लेने वाले मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री संगम में डुबकी लगाकर पुण्य हासिल करेंगे। योगी सरकार की इस कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के साथ ही मंजूरी दी जाने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाएंगे। इस दौरान विधिवत पूजन-अर्चन भी किया जाएगा। 2019 के कुंभ मेले में भी योगी सरकार ने इसी प्रकार संगम में स्नान किया था, जो परंपरा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए बैठक स्थल को मेला प्राधिकरण सभागार से बदलकर अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में स्थानांतरित किया गया है। मंत्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर मेला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। बैठक के बाद मंत्रीगण वीआईपी घाट से मोटर बोट के माध्यम से संगम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों सहित सभी 54 मंत्री संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस आयोजन को आध्यात्मिकता और सरकार की एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है।



# बीजेपी की लाइन से अलग जा रहे अजित पवार! धर्मनिरपेक्षता की राजनीति को लेकर कही बड़ी बात

**जम्मू (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को विभाजनकारी रणनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ चेतावनी देते हुए धर्मनिरपेक्षता और प्रगतिशील राजनीति के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। जालना में राकांपा के जिला कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, पवार ने महाराष्ट्र में एकता और सामाजिक सद्भाव के महत्व पर जोर दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं से अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, पवार ने कहा कि महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। एनसीपी दृढ़ता से एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है। हम किसी को भी नफरत फैलाने या विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से नए सदस्यों को शामिल करते समय सतर्क रहने का आग्रह किया और उन्हें संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को शामिल करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों में पारदर्शिता



सुनिश्चित करें और भ्रष्टाचार या विभाजन को हमारी पार्टी में न आने दें।

पवार ने राज्य सरकार की पहल लड़की बहिन योजना को भी संबोधित किया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। टीओआई के अनुसार, उन्होंने खुलासा किया कि राज्य सरकार ने एक प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करते हुए इस योजना के लिए महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग को 3,700 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। हालाँकि, डिप्टी सीएम ने 2.5 लाख रुपये और उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित करने वाले लाभार्थियों से स्वेच्छा से कार्यक्रम से बाहर निकलने का आह्वान किया, और उनसे वास्तव में जरूरतमंद लोगों के लिए रास्ता बनाने का आग्रह किया।

## आप केवल मुसलमानों की शादियां और तलाक रोक रहे, उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर बोले असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी में है। इसकी को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा बयान सामने आया है। ओवैसी ने कहा कि जब आप हिंदू विवाह अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम को अपवाद दे रहे हैं तो इसे यूसीसी नहीं कहा जा सकता है और यह आदिवासियों पर भी लागू नहीं होगा। ये कैसा यूनिफॉर्म सिविल कोड? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप केवल मुसलमानों की शादियाँ और तलाक रोक रहे हैं।

ओवैसी ने आगे कहा कि आप यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात करते हैं, लेकिन अगर कोई हिंदू धर्म से किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि वे वक्फ को बर्बाद करने और उसकी संपत्तियों को लूटने के लिए यह बिल ला रहे हैं।' जैसे CAA पर विरोध हुआ था, वैसे ही अगर वक्फ संशोधन



बिल पास हुआ तो भी विरोध होगा। इससे पहले उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नियमावली को मंजूरी दे दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह विकास विधायी विभाग द्वारा मैनुअल की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद हुआ। मंजूरी के बारे में बोलते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2022 के चुनावों से पहले किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। धामी ने कहा कि हमने 2022 में उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम यूसीसी बिल लाएंगे। हम इसे ले आये। मसौदा समिति ने इसका मसौदा तैयार किया, यह पारित हुआ, राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी और यह एक अधिनियम बन गया। ट्रेनिंग की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर चीज का विश्लेषण करने के बाद हम जल्द ही तारीखों की घोषणा करेंगे। यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि भाजपा सरकार ने पिछले साल 6 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा के एक विशेष सत्र के दौरान यूसीसी विधेयक पेश किया था और इसे एक दिन बाद 7 फरवरी को आरामदायक बहुमत के साथ पारित किया गया था। उत्तराखंड विधानसभा के बाद, फरवरी में यूसीसी विधेयक पारित किया गया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 मार्च को इस पर हस्ताक्षर किए, जिससे उत्तराखंड के लिए यूसीसी अधिनियमित करने वाला भारत का पहला राज्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

# क्या एआई के आने से दुनिया में गहराएगा बेरोजगारी संकट... जानकारों की राय जाने लें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने हाल ही में भारत का दौरा किया और देश में अपनी कंपनी के आगामी निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो वर्षों में भारत में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगा, जो खास तौर पर क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में किया जाएगा। उनका कहना था कि इस निवेश से एआई का विकास और उपयोग तेजी से बढ़ेगा और भारत के तकनीकी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह वादा भी किया कि अगले पांच वर्षों में माइक्रोसॉफ्ट एक करोड़ भारतीयों को एआई की ट्रेनिंग देने के लिए तैयार है, जिससे एक उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी कार्यबल की सृजन की योजना है।

भारत में एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित) स्नातकों की बड़ी संख्या को देखते हुए, नडेला ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक तकनीकी केंद्र के रूप में देखा है। पश्चिमी देशों की जनसंख्या में कमी आ रही है, जिससे इन देशों को एआई और तकनीकी क्षेत्र में कुशल स्नातकों की जरूरत है। नडेला ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत में दुनिया के सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने वाले एसटीईएम स्नातक तैयार होते हैं, और यह भारत को पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा प्रतिभा स्रोत बना रहा है। पहले जहां भारतीय ज्यादा तकनीकी रूप से कम योग्यता वाले कार्यों में लगे थे, अब बड़ी वैश्विक कंपनियां भारत में ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) खोल रही हैं, जिससे भारत में उच्च स्तर के तकनीकी कार्यों का अवसर बढ़ा है।

हालांकि एआई के प्रसार को लेकर कुछ आशंकाएं भी हैं। कुछ लोगों को डर है कि एआई लाखों नौकरियों को खत्म कर सकता है, और मशीनें इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान हो सकती हैं। परंतु कई विशेषज्ञ मानते हैं कि हर नई तकनीक के साथ बेरोजगारी का डर होता है, जो अंततः गलत साबित होता है। जैसे पहले मशीनीकरण, व्यक्तिगत कंप्यूटर और इंटरनेट ने नई नौकरियों की सृजन की, वैसे ही एआई भी रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकता है। हालांकि यह भी सच है कि कुछ क्षेत्रों में नौकरियां समाप्त हो सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।

नडेला ने इस बात पर जोर दिया कि एआई के कारण उत्पन्न होने वाली नौकरियों की कमी से निपटने के लिए सरकारों को उच्च कॉर्पोरेट मुनाफे और तकनीकी कर्मचारियों की उच्च आय पर टैक्स लगाकर बेरोजगारी मुआवजे की योजना बनानी होगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि रीट्रेनिंग और तकनीकी नवाचार का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एआई के विकास से समृद्धि में सुधार होगा, लेकिन इसके साथ आने वाली चुनौतियों का सही तरीके से सामना करना जरूरी है।



# किसी को भी लंबे घंटों तक काम करने के लिए नहीं कह सकता: नारायण मूर्ति

### हमारी मेहनत का सबसे बड़ा परिणाम होना चाहिए गरीब बच्चों के भविष्य के लिए सफलता और सुधार हो




**नई दिल्ली ।**

वर्क लाइफ बैलेंस के महत्व पर चर्चा नवीनतम क्रांति की ओर बढ़ रही है। इस विवाद से उठी बहस में इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति का बयान उकसाने वाला है। उन्होंने हलके से कहा कि हफ्ते में 70 घंटे काम करने की संज्ञाना बनाने की जरूरत नहीं है। मूर्ति ने कहा कि कोई भी किसी आदमी को लंबे घंटों तक काम करने के लिए नहीं कह सकता, लेकिन हर किसी को 'इंट्रोस्पेक्ट' करना चाहिए और इसकी जरूरत को समझना चाहिए। यह कहते हुए उन्होंने अपने 40 वर्षीय करियर का उदाहरण दिया जहां वे हर हफ्ते 70 घंटे से अधिक काम करते थे। उनका कहना था कि इंट्रोस्पेक्ट करने से हर किसी को अपनी स्थिति को समझने में मदद मिल सकती है। अगर बात इस विवाद की मूल कहानी की तो नारायण मूर्ति ने गहराई से बताया कि महत्वपूर्ण नहीं है कि हम कितने घंटे काम करते हैं, बल्कि यह की हम कितने योगदान दे रहे हैं समाज में। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी मेहनत का सबसे बड़ा परिणाम होना चाहिए गरीब बच्चों के भविष्य के लिए सफलता और सुधार हो। यहां एक बड़ा सवाल उठता है कि क्या हम अपने जीवन में एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन को कैसे बनाए रख सकते हैं, जब एक उद्यमिता समाज सुधार के साथ आता है। नारायण मूर्ति के बयान से प्रेरित होकर, हमें इस विचार से गुजरना होगा कि हम कैसे अपने काम और जीवन के बीच संतुलन को बनाए रख सकते हैं।

# ट्रंप के गद्दी संभालते ही वैश्विक बाजार में महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता आते ही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में कई तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सोने के दाम से लेकर शेयर बाजार की चाल ट्रंप के आने से मानो बदली-बदली लग रही है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले दिन ही चीन और अन्य देशों के खिलाफ व्यापक व्यापार शुल्क लगाने पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया। इसके चलते सोने के भाव में बढ़त बरकरार है, वहीं अमेरिकी डॉलर को नुकसान हुआ है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने का भाव 2,707.19 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर है। उधर, अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर 0.7 फीसदी गिरकर 2,730 डॉलर पर आ गया। दरअसल, अमेरिकी चुनाव में जीत के बाद पिछले कई हफ्तों से दुनियाभर में डोनाल्ड ट्रंप को लेकर यह अटकलें लगाई जा रही थी कि वे कुछ देशों पर ट्रेड टैरिफ लगाएंगे लेकिन, सत्ता संभालने के बाद उन्होंने इस पर कुछ समय के लिए विराम लगा दिया है, साथ ही इस मुद्दे पर ज्यादा समय लेने की बात कही है। इसके बाद ग्लोबल शेयर मार्केट में राहत देखने को मिली और अमेरिकी डॉलर पर दबाव नजर आया. उधर, डॉलर के कमजोर पड़ने से सोने में भी तेजी देखने को मिली। इधर, भारत में सोने के भाव में तेजी का दौर जारी है। देश के ज्यादातर शहरों में 24 कैरेट गोल्ड




का भाव 81,300 रुपये प्रति दस ग्राम के आसपास है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,000 रुपये प्रति दस ग्राम है।

# एयरटेल ने बजाज ग्रुप के साथ किया अहम करार

### - बजाज फाइनेंस के उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर मार्च तक उपलब्ध कराया जाएगा




**नई दिल्ली ।**

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी के साथ, देश के दो दिग्गज कंपनियाँ ने डिजिटल वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। यह साझेदारी भारती एयरटेल के 37 करोड़ ग्राहकों के आधार को मजबूत करेगी और उन्हें विभिन्न वित्तीय उत्पादों तक पहुंचाएगी। एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस साझेदारी के लक्ष्य को वन-स्टॉप शॉप बनाने के रूप में व्याख्या की है, जिससे ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जा सके। बजाज फाइनेंस ने इस साझेदारी को भारतीय डिजिटल बुनियादी ढांचे के लाभ देने के साथ-साथ डिजिटल परिवेश में बदलाव लाने का भी आदान प्रदान करने का आशा जताई। इस साझेदारी के तहत बजाज फाइनेंस के उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर मार्च तक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्राहकों को और अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। बजाज फाइनेंस का यह कदम डेटा-संचालित ऋण और वित्तीय समावेश के माध्यम से ज्यादा लोगों की मदद करने का उद्देश्य रखता है। इस साझेदारी की सफलता से न केवल भारतीय उपभोक्ताओं को फायदा होगा, बल्कि दो कंपनियों के साथ मिलकर देश के डिजिटल माध्यमों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और वित्तीय समावेश को बढ़ावा मिलेगा। इस बड़े कदम से डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विकास होगा और उपभोक्ताओं को और अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे।

# दो नई इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और वीएफ 7 पेश




**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता विनफास्ट ने ऑटो एक्सपो 2025 में अपनी दो नई इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और वीएफ 7 को पेश किया। यह कंपनी के भारत में विस्तार की शुरुआत है और इन दोनों एसयूवी में अत्याधुनिक फीचर्स और शानदार रेंज दी गई है। विनफास्ट ने वीएफ 6 को पांच सीटों वाली एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर पेश किया है। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, 12.9-इंच इंफोटेनमेंट स्क्रीन, हेड-अप डिस्प्ले, और लेवल-2 अडास जैसे कई आकर्षक फीचर्स हैं। इसके अलावा, इसमें 59.6 केडब्ल्यूएच बैटरी दी गई है, जो इसे सिंगल चार्ज में 381 किलोमीटर तक चलने की क्षमता देती है। वहीं, वीएफ 7 को एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। इसमें 75.3 केडब्ल्यूएच बैटरी है, जो 431 किलोमीटर की रेंज देती है, और इसमें 348 हॉर्स पावर की मोटर लगी है। विनफास्ट की इन नई कारों के लॉन्च से भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

हालांकि, अभी ये दोनों एसयूवी भारत में लॉन्च होने की तैयारी में हैं, और जल्द ही इनकी लॉन्च डेट का खुलासा किया जाएगा। इसके अलावा, विनफास्ट ने अपने अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे वीएफ 3, वीएफ 9, वीएफ 8, और वीएफ ई34 को भी ऑटो एक्सपो में शोकेस किया। कंपनी ने इस अवसर पर वीएफ ड्रागोनफलाय नामक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर को भी प्रदर्शित किया।

# भारत दुनिया का इंजीनियर बनने जा रहा है: अर्जेंटीना

### - भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए हो सकता है महत्वपूर्ण उपभोक्ता

**नई दिल्ली ।**

अर्जेंटीना की तेल और गैस कंपनी वायपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि और बड़ी आबादी के कारण विश्व के अगले दशक में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नेतृत्व करने की संभावना जताई है। उन्होंने एक बातचीत के दौरान भारत की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया कि भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपभोक्ता हो सकता है और अर्जेंटीना भारत के लिए मुख्य आपूर्तिकर्ता बन सकता है। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच लिथियम के क्षेत्र में भी सहयोग के अवसरों की बात की गई है। लिथियम भारत के इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस मुद्दे पर भारत के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने भी महत्वपूर्ण चर्चा की और दोनों देशों के बीच मित्रता और आर्थिक संबंधों की महत्वपूर्णता पर जोर डाला। उन्होंने बताया कि भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहे हैं और उन्होंने पिछले साल अपने संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। भारत और अर्जेंटीना के बीच लिथियम खनन और अन्वेषण के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जो दोनों देशों के लिए आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारी का कहना है कि भारत की वृद्धि दर बहुत मजबूत है और इसके विशाल आबादी के कारण देश इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करेगा।

## भारत के कामगार हर जगह अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं: जयंत चौधरी

**दावोस ।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने दावोस जाने से पहले एक बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भारत के कौशल विकास की महत्वपूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के कामगार नेतृत्व की भूमिका सहित हर जगह अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं और यह वैश्विक मंच पर सफलता की कहानी होगी। दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक के अवसर पर चौधरी ने कहा` कि आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत कौशल विकास के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कामगार जहां भी काम करते हैं, वहां अपनी क्षमता साबित करते हैं और शीर्ष नेतृत्व की भूमिकाओं सहित अपना सही स्थान हासिल करते हैं। चौधरी ने उम्मीद जताई कि दावोस में भारत को और अधिक निवेश मिलेगा और जो कंपनियां अभी भारत में मौजूद नहीं हैं, वे भी वहां आएँगी। यहां अधिकारियों और कॉरपोरेट घरानों के लोगों के साथ बैठकें करने वाले संगठन उनके भारत में निवेश करने की इच्छा का समर्थन कर रहे हैं। विशवास है कि चौधरी की इन उच्चाधिकारी के बैठकों में हिस्सा लेने से भारत का कौशल विकास होगा और दुनिया भारत की योगदान की महत्वपूर्णता को समझेगी।




## गो फर्स्ट एयरलाइन के खिलाफ एनसीएलटी ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने गो फर्स्ट एयरलाइन के परिसमापन की मंजूरी दे दी। यह कंपनी पिछले कुछ सालों से वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रही थी। इस निर्णय के बाद कंपनी गति से वित्तीय संकट से बाहर होगी। न्यायाधिकरण ने कहा कि कंपनी के 54 विमानों का पंजीकरण रद्द किया गया है। इसके चलते कंपनी का परिचालन ठप हो गया है। इस कदम से कर्जदाताओं को नुकसान हो सकता है। एयरलाइन ने मई 2023 में एनसीएलटी में दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। अब उन्हें सम्भावित समाधान की दिशा में कदम बढ़ाना होगा। गो फर्स्ट के बंद होने से यात्री किसी अन्य विमानन सेवा का उपयोग कर सकते हैं। सुरक्षित रहने के लिए वे सही विकल्प की तलाश में निकलें। वित्तीय संकट कारगर उपायों से पूरी तरह से बाहर निकलने के लिए इस समय में कंपनी को सख्ती से अपनी योजनाएं बनानी होगी। यह भी महत्वपूर्ण है कि कर्जदाताओं के हितों का भी ध्यान रखा जाए।

## चिराग पासवान ने कही भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की बात

### - पासवान ने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के संदर्भ में दावोस पहुंचकर अपनी वकालत की

**दावोस ।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने अपने बयान में कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कई संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के संदर्भ में दावोस पहुंचकर अपनी वकालत की। पासवान ने अपनी बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। पासवान ने अपने बयान में देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मजबूत बनाने के साथ-साथ किसानों की मदद करने का एक महत्वपूर्ण कार्य साबित करने की बात कही। उन्होंने इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के महत्व पर भी जोर दिया और उसका खाद्य सुरक्षा और अर्थिक स्थिति में योगदान करने की बात कही। पासवान ने स्पष्ट किया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की मिशन को सफल बनाने में खाद्य संस्करण क्षेत्र का बड़ा योगदान होगा। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च संभावनाएं देखकर कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही विश्व बाजार में भारतीय व्यंजनों की मांग बढ़ने का भी उदाहरण दिया। पासवान के इस बयान से स्पष्ट है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और देश को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

# शेयर बाजार : निवेशकों के 7.25 लाख करोड़ डूबे

### सेंसेक्स 1235 अंक, निफ्टी 320 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ । सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत के बाद भी शाम होते-होते बाजार टूट गया।

आज कारोबार के दौरान ही जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज , भारतीय स्टेट बैंक , बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील और भारती एयरटेल जैसे हैवी वेटेज स्टॉक्स में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। जानकारी के अनुसार भारत को लेकर डोनल्ड ट्रंप सरकार की योजनाओं को लेकर जारी संशय से भी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगभग 200 अंक ऊपर आकर 77,261 पर खुला। थोड़ी देर बाद में यह नीचे आने लगा। अंत में सेंसेक्स 1235 अंक करीब 1.60 फीसदी फिसलकर 75,838.36 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला था पर बाद में ये भी नीचे आने लगा। इंट्राडे कारोबार में यह 22,976.85 तक नीचे खिसक गया। अंत में निफ्टी 320 अंक तकरीबन 1.37 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 23,024.65 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार रिलायंस् इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक जैसे हैवी वेटेज वाले शेयरों में गिरावट की वजह से बाजार फिसला। इसके साथ ही अब तक ज्यादातर देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहे हैं। इससे निवेशकों के मन में घबराहट बनी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर हायर ट्रेड टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद बाजार में भारी अस्थिरता आई। ट्रंप ने पदभार संभालने के कुछ ही घंटों के अंदर पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की योजना घोषित कर दी।

उन्होंने पदभार संभालने के तुरंत बाद कहा कि उनका प्रशासन 1 फरवरी से जल्द ही मैक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। वहीं विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार गिरे हैं। विदेशी निवेशक जनवरी 2025 में अब तक 48,023 करोड़ रुपये की इक्विटी बेच चुके हैं। एफआईआई की लगातार बिकवाली, ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता और कई कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही परिणामों के दबाव में निफ्टी 320 अंक गिरकर 23,025 के स्तर पर आ गया। एफआईआई ने सोमवार को 4,337 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे जनवरी से अब तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी हुई है।

**निवेशकों को 7.25 लाख करोड़ का नुकसान**

बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को 7.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.25 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,24,22,866 करोड़ रुपये रह गया।

**आज इन 10 स्टॉक्स में बड़ी गिरावट**

डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयर 2421.50 रुपये या 13.79 फीसदी गिरकर 15132.95 पर बंद हुए।

जोमैटो का शेयर 26.30 रुपये या 10.92फीसदी नीचे आकर 214.65 रुपये पर बंद हुआ।

सायाजी होटल्स लिमिटेड का शेयर 61.85 रुपये या 16.81फीसदी गिरकर 306.15 पर बंद हुआ।

## 12 फीसदी से अधिक गिरा जोमेटो का शेयर

### बीएसई पर शेयर 11.64 फीसदी की गिरावट के बाद 212.90 रुपये पर

नइ दिल्ली । ऑनलाइन फूड डिलीवरी और ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयरों में तेजी से गिरावट का सिलसिला जारी है। तिमाही नतीजों के घोषणा के बाद जोंमैटो के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट शेयर के मूल्य को 200 रुपये के स्तर पर भी नीचे ले गई है। बाजार में जोमैटो के शेयर अभी भी दबाव में हैं। बीएसई पर शेयर 11.64 फीसदी की गिरावट के बाद 212.90 रुपये पर चल रहे हैं। इंट्रा-डे में यह 12.78 फीसदी गिरकर 210.15 रुपये तक पहुंच गए थे। पिछले कुछ दिनों से शेयर मूल्य में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट के बाद आईसीआईआई डायरेक्ट के तकनीकी चार्ट्स के मुताबिक जोमैटो के शेयर ने 227.2 के सपोर्ट लेवल को तोड़ दिया है। अब शेयर का सपोर्ट 201.1 पर संभावित है। वहीं अपसाइड में शेयर को 253.3, 266.9, और 279.4 पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। शेयर की स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए निवेशकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जोमैटो के शेयरों की हालिया गिरावट ने निवेशकों में चिंता बढ़ा दी है। जबकि जोमैटो कंपनी के प्रतिष्ठित सीईओ ने बताया कि उनके 2000 स्टोर खोलने का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यह पहले से तय किए गए लक्ष्य से एक साल पहले हो रहा है। फिर भी फूड डिलीवरी बिजनेस की धीमी ग्रोथ ने भी जोमैटो के तिमाही नतीजों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

## सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर आया भारी उछाल

### सोना 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम


नई दिल्ली । सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 0.45 फीसदी की तेजी के साथ 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.76 फीसदी बढ़त के साथ 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। पिछले हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 78,018 रुपए था, वहीं इस हफ्ते चांदी 552 रुपए महंगी होकर 90,820 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,268 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का उच्च स्तर बनाया था। वहीं चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

सतीश मोरे/21जनवरी

# देश की जीडीपी 7 से 8 फीसदी तक बढ़ने की संभावना: डब्यूईएफ

**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि की संभावना है, बताते हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्यूईएफ) ने उजागर किया है कि भारत की जीडीपी 7 से 8 फीसदी तक बढ़ सकती है। उन्होंने इसे आर्थिक सुधारों और हायर इन्वेस्टमेंट के चलते संभावना बताया है। डब्यूईएफ ने कहा कि भारत में विकास के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं और इस साल की 6 फीसदी ग्रोथ दर भी अच्छी है, लेकिन इससे भारत की गति को रोकने कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, और रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश जारी रहना चाहिए। डब्यूईएफ ने भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था में भी 20 फीसदी हिस्सेदारी की संभावना दी। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम से सपोर्ट मिल रहा है और यहां 1,20,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने उत्सुकता से बताया कि भारत में 120 से अधिक यूनिकॉर्न हैं।




जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत का लक्ष्य वास्तविक है कि वह 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकता है, डब्यूईएफ के एक अधिकारी ने कहा कि भारत जल्द ही 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। वह डिजिटल ट्रेड और सर्विसेज में भी हिस्सेदारी बढ़ रही है और यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। अंत में वर्कफोर्स के ज्यादा डिजिटलीकरण के साथ-साथ आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर उन्हें पूछा गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रोडक्टिविटी में बढ़ोतरी लाता है और भारत के लिए नई टेक्नोलॉजी में बहुत सारे अवसर हैं। लेकिन ये छोटी अवधि में भी कुछ चुनौतियां उत्पन्न कर सकती हैं।

## भारत, बेल्जियम ने औषधि व कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने को लेकर की चर्चा

### -व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली ।** भारत और बेल्जियम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा। दोनों देशों ने औषधि और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्लिंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। इस नए तंत्र के माध्यम से दोनों देश व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए मजबूती से काम करेंगे और औषधि और कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा करेंगे। यह साझेदारी भारत-बेल्जियम व्यापार को और भी मजबूत बनाएगी। नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर भी चर्चा की और व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व को साबित किया। उन्होंने उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने का भी प्रस्ताव दिया है, जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों। इस साझेदारी से भारत-बेल्जियम व्यापार की प्रावृत्ति में वृद्धि की उम्मीद है और व्यापार के क्षेत्र में नयी ऊर्जा और दिशाएं प्रगति करेंगे।

# सूर्यकुमार की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**कोलकाता (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज के पहले मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य मैच में जीत के साथ शुरुआत करना रहेगा। इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम के पास अगले माह होने वाली एकदिवसीय सीरीज और चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए लय हासिल करने का भी अच्छा अवसर रहेगा। दोनो ही टीमों में शानदार खिलाड़ी हैं, ऐसे में ये सीरीज रोमांचक होना तय है। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वापसी कर रहे हैं। ऐसे में उनके प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। शमी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के बाद पहली बार इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। शमी को एकदिवीय विश्वकप में टखने में चोट लग गयी थी जिसके लिए उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी है। । शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। शमी ने टी20 करियर में 2014 में पदार्पण के बाद से केवल 23 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतिम बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। इस सीरीज में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, ऐसे में अक्षर का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना रहेगा। अक्षर ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में शामिल नहीं किये गये विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर चयकर्ताओं को करारा जवाब देना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक लगाने वाले सैमसन इस प्रारुप में काफी सफल रहे हैं। इस मैच में ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी भी उसी प्रकार का आक्रामक प्रदर्शन करना चाहेंगे जैसा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे में किया था। उनके रहने से हार्दिक पंड्या के साथ एक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर टीम के पास रहेगा। वहीं दूसरी ओर जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में जीत के साथ ही सत्र शुरु करना चाहेगी। मैकुलम अपनी आक्रामण रणनीति के लिए जाने जाते हैं जो वह इस सीरीज में भी अपनाएंगे।




इस मैच में इंग्लैंड को रीसे टॉपली, सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी हालांकि उसके पास युवा जैकब बेथेल जैस खिलाड़ी है जो अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। जैकब ने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इस मैच से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी वापसी कर रहे हैं। आर्चर चोटिल होने के कारण काफी समय से टीम से बाहर थे।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतिश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, लियाम लिविंगस्टोन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जैमी ओवरटन, जैमी स्मिथ, आदिल रशीद, साकिब महमूद, मार्क वुड।

# अश्विन ने शुभमन को उपकप्तान बनाये जाने के फैसले को सही बताया



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने आईसीसी चैम्पियंस के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को उपकप्तान बनाये जाने के फैसले को सही बताया है। अश्विन ने कहा कि चयनकर्ताओं ने इससे संकेत दिये है कि भविष्य में शुभमन ही कप्तान बनेंगे। वहीं कुछ प्रशंसकों और विशेषज्ञों का मानना है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बेहतर विकल्प हो सकते थे।

अश्विन ने कहा, ये सोचिए कि हम मौजूदा टीम में से किसे उप-कप्तान नियुक्त कर सकते हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि शुभमन को नियुक्त करने का फैसला सही था या गलत पर जो मुद्दा उठाया गया वह सही था कि वह पिछली सीरीज में भी उप-कप्तान थे। मैं गलत हो सकता हूं पर मुझे लगता है कि उन्होंने टेस्ट में भी कुछ उप-कप्तानी की है। मुझे लगता है कि यह फैसला भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है क्योंकि प्रबंधन इस बारे में सोच रहा होगा कि भविष्य में उनका कप्तान कौन हो सकता है।

अश्विन ने साथ ही कहा कि शुभमन सही विकल्प थे क्योंकि उन्हें अंतिम 11 में नियमित माना जा सकता है जबकि ऋषभ पंत और अक्षर पटेल अभी तक इस प्रारुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अक्षर को उप-कप्तान बनाया गया है। अक्षर और रविन्द्र जडेजा के बीच इस बात को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा है कि दोनों में से कौन अंतिम 11 में खेलेगा। अगर हम ऋषभ पंत और केएल राहुल को देखें, तो ये दोनो ही विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। संभावना यह हो सकती है कि ये दोनो ही खेलें पर चयन समिति ने उप-कप्तानी उस खिलाड़ी को दी है, जिसकी अंतिम ग्यारह में जगह पक्की है।

# केकेआर की ओर से रिटेन नहीं किये जाने से हैरान था : श्रेयस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के लिए गत माह हुई मेगा नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने श्रेयस अय्यर ने पहली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिटेन न करने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। श्रेयस की कप्तानी में ही केकेआर ने 2024 में आईपीएल खिताब जीता था। ऐसे में सभी का मानना था कि इस बार भी उन्हें कप्तान बनाया जाएगा।



श्रेयस ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कि उन्हें रिटेन कर लिया जाएगा। फ्रेंचाइजी ने सत्र समाप्त होने के ठीक बाद रिटेंशन की बात की थी पर उसके बाद केकेआर की ओर से कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं किये जाने से वह हैरान हो गए। श्रेयस ने कहा, निश्चित रूप से केकेआर में चैंपियनशिप जीतने में मेरा समय शानदार रहा। वहां गुजारा हर पल मुझे पसंद आया तो जाहिर है, हमने आईपीएल चैंपियनशिप के बाद सीधे बातचीत की थी पर इसके बाद कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ। उनकी ओर से मुझसे संपर्क ही नहीं किया गया। मैं भी समझ नहीं पा रहा था कि क्या हो रहा है, इसलिए बातचीत की कमी के कारण हम ऐसी स्थिति में आ गए जहां हम आपसी सहमति से अलग हो गए।

मेगा ऑक्शन शुरू होने के बाद कुछ देर के लिए श्रेयस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर भी बने। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 रुपये में खरीदा, वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदा। नीलामी के दौरान श्रेयस अय्यर हैदराबाद में थे। उन्होंने कहा, मैं हैदराबाद में अपने कमरे से इसे देख रहा थे और मैं अच्छी रकम की उम्मीद कर रहा था, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि दो टीम के बीच मुझे लेकर इतनी प्रतिस्पर्धा होगी। कुल मिलाकर मैं उत्साहित था। यहां तक कि मैं एक पॉइंट के बाद मैंने दरवाजा बंद कर वॉशरूम में चला गया।

# भारत ने मेजबान मलेशिया को 35 रन पर किया ढेर, तीन ओवर में जीता मैच

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** गत चैंपियन भारत ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपना दबदबा जारी रखते हुए मंगलवार को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

??भारत ने टॉस जीतकर एक बार फिर बादलों से घिरे मौसम का फायदा उठाने के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वैष्णवी शर्मा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान टीम को 14.3 ओवर में मात्र 31 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने हैट्रिक भी बनाई और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (नाबाद 27) और कमलिनी जी (नाबाद चार) ने भारत को तीन ओवर में ही लक्ष्य हासिल करने में मदद की और सभी विकेट बरकरार रहे।




पहले गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज जोशीथा वीजे ने अपनी कप्तान के फैसले का समर्थन करते हुए मलेशिया की सलामी बल्लेबाज नूनी को शून्य पर पगबाधा आउट किया। नो-बॉल पर रन आउट ने नूर आलिया को क्रीज पर बने रहने से रोक दिया, लेकिन पांचवें ओवर में आयुषी शुक्ला के दोहरे स्ट्राइक ने मलेशिया को 15 रन के पार जाने से पहले चार विकेट पर पहुंचा दिया।

वैष्णवी ने बाएं हाथ की स्पिन का दबदबा जारी रखा, उन्होंने अपनी पहली सात गेंदों पर कप्तान नूर दानिया स्यूहादा (1) को कैच और नूरीमन (2) को बोल्ड किया। वैष्णवी ने मेजबान टीम को परेशान करना जारी रखा, अपने अंतिम ओवर में हैट्रिक लेते हुए 5-5 रन बनाए। मलेशिया 31 रन पर आउट हो गया। पिछले हफ्ते गत चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज पर 9 विकेट की शानदार जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की।

# फखर को इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा। रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे।



# ऋषभ भविष्य में धोनी और रोहित जैसे सफल कप्तान बनेंगे : गोयनका

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने ऋषभ पंत को अपनी टीम का नया कप्तान बनने के एक दिन बाद ही उनकी जमकर प्रशंसा की है। गोयनका ने कहा है कि आने वाले समय में ऋषभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहेंगे। यहां तक कि उनका नाम महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के साथ लिया जाएगा। सुपर जायंट्स ने मेगा नीलामी में ऋषभ को आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में दिल्ली 43 मैचों में से 24 में जीती जबकि 19 में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार उनकी कप्तानी में टीम का जीत प्रतिशत 56 रहा है। वहीं, धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स और रोहित की कप्तानी में मुम्बई इंडियंस ने पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। जबकि रोहित ने भी यही उपलब्धि हासिल की है, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ। गोयनका ने कहा कि मेरे अनुसार ऋषभ अगले 12 से 15 साल तक खेलेंगे। लोग कहते हैं कि मुम्बई और सीएसके अधिक सफल हैं पर एक दशक के बाद विजेता कप्तानों की इस सूची में धोनी और रोहित के साथ ऋषभ भी जुड़ जाएंगे। वह आईपीएल का सबसे सफल ही नहीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी बनेगा। मैंने उसके जैसा जुनून और जीतने की भूख वाला खिलाड़ी नहीं देखा है। अब देखना है कि ऋषभ इस पर कितने खरे उतरते हैं क्योंकि कप्तानी के अलावा सबसे बड़ी रकम मिलने से भी उनपर अतिरिक्त दबाव होगा। पिछले संस्करणों में देखा गया था कि अधिक कीमतों वाले खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव भारी पड़ा और वे असफल रहे थे। वहीं गोयनका का इस इसमें में अलग रुख है।

# सात्विक- चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में; आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

**जकार्ता (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है।




विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता आयुष का मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई से मुकाबला होगा, जबकि तान्या के सामने थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रत्वानोक इंतानोन की चुनौती होगी।

# महाकुंभ में पहुंची फर्राटा धाविका हिमा दास, गंगा में लगाई डुबकी




महाकुंभ नगर (उत्तर प्रदेश)। स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज ने कहा, 'जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आए बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई।' उन्होंने कहा, 'वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर देखने भी आई।' जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता हिमा 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबर 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था।

# बीसीसीआई के ताजा दिशानिर्देशों से सबक लें अन्य बोर्ड : हीली

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर इयान हीली ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खराब प्रदर्शन के बाद अपने खिलाड़ियों के लिए 10 दिशा निर्देश दिये हैं। उससे पता चलता है कि भारतीय टीम में अनुशासन की कमी आई है। साथ ही कहा कि अन्य देशों की टीमों को भी इससे सबक लेते हुए टीम में अनुशासन बनाये रखने पर ध्यान देना होगा, नहीं तो उन्हें भी इसी प्रकार के हालातों का सामना करना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार के बाद बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने, अभ्यास सत्रों के दौरान पूरे समय मौजूद रहने और टीम की बस में ही एकसाथ यात्रा करने को अनिवार्य कर दिया है। स्टेडियम जाने और आने के निर्देश दिए। इसके साथ ही टीम दौरे पर परिवार के साथ रहने का समय भी तय कर दिया है। हीली ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट नए सांचे में ढल रहा है। जिस प्रकार से अधिकारियों को सख्त और मजबूत रूख रखन पड़ा है। उससे पता चलता है कि टीम में अनुशासन की कमी है लेकिन खेल प्रशासकों और खिलाड़ियों ने पहले अनुशासन पर अधिक ध्यान नहीं दिया था जिससे टीम को नुकसान हुआ जिसके बाद उनकी आंखें खुलीं है। इसको देखते हुए दूसरे देशों के बोर्ड को भी सतर्क रहना होगा कि जिससे की हालात खराब होने से पहले ही संभाल लिए जाएं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग यात्रा करते और परिवार के साथ समय बिताते हुए देखे गये थे। इसके अलावा मैच तय समय से पहले समाप्त होने पर भी वह दूसरे शहरों की यात्रा पर निकल जाते थे।



# दिग्गज मनीषा मल्होत्रा का बयान, कहा- टेनिस को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे

नई दिल्ली। पूर्व ओलंपियन और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता पूर्व टेनिस खिलाड़ी मनीषा मल्होत्रा ने भारत में टेनिस की मौजूदा स्थिति के लिये इसके प्रशासकों को दोषी ठहराते हुए कहा कि अगर देश में इस खेल को बचाना है तो आमूलचूल बदलाव करने होंगे। पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं लेकिन 44 बरस की उम्र में वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। महिला एकल में भारत की कोई खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 का हिस्सा नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए खेल का संचालन करने वाले अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट की अध्यक्ष मनीषा ने 'भाषा' से विशेष बातचीत के दौरान कहा, ''वर्तमान में टेनिस की कहानी काफी दुखद है। मैं सोचने लगती हूं कि टेनिस इतना अच्छा खेल था जहां हमारे पास इस खेल की इतनी अच्छी विरासत थी। रामानाथन कृष्णन के समय से ही ऐसा था जिसे हमने पूरी तरह से खत्म कर दियाहै।'' उन्होंने कहा, ''आज की तारीख में अगर कोई प्रगति नहीं है, कोई खिलाड़ी नहीं है तो यह हमारी ही गलती है। मुझे यह देखकर काफी दुख होता है क्योंकि मैं आज जो भी हूं टेनिस की वजह से हूं। मेरे जीवन में जो कुछ भी है, वह टेनिस की वजह से है। मैं इस बारे में कुछ कर नहीं पा रही हूं जो बैठे हैं (अधिकारी) वे कर भी नहीं रहे और जो कर रहे हैं वह खराब कर रहे हैं।''




# इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया, शमी की वापसी पर फोकस

**कोलकाता (एजेंसी)।** फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिए थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर 7 विकेट चटकाए थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिए।

शमी ने टी20 करियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिए बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाए और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिये थे। भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में लगातार दो टी20 शतक जड़ने वाले सैमसन कई बार खुद को साबित कर चुके हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जमाने वाले नीतिश रेड्डी को भी टीम में जगह मिली है। वह हार्दिक पंड्या के साथ तेज गेंदबाजी का एक और विकल्प दे सकते हैं। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के लिए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ यह नए सत्र की शुरूआत है। टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बाहर होने के बाद मैथ्यू मोट ने इस्तीफा दे दिया जिसके बाद मैकुलम ने तीन साल का करार किया। टेस्ट क्रिकेट को आक्रामक खेल (बैजबॉल) की नयी परिभाषा देने वाले मैकुलम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी उसे दोहराना चाहेंगे।

आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके मैकुलम के लिये ईडन गार्डन नया नहीं है। इंग्लैंड को रीसे टॉपली, सैम कुरेन और विल जैक की कमी खलेगी लेकिन 21 वर्ष के जैकब बेथेल अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। उन्होंने अब तक सात टी20 मैचों में 167 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। शमी की ही तरह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। वैसे भारत में शाम को पड़ने वाली ओस से तेज गेंदबाजों को दिक्कत हो सकती है। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा टी20 चेन्नई में, 28 जनवरी को राजकोट, 31 जनवरी को पुणे और दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# मुंबई छोड़ने वाले बयान पर क्या अनुराग कश्यप ने लिया यू-टर्न

कुछ दिन पहले अनुराग कश्यप ने कहा था कि उनमें अब लड़ने की ताकत खत्म हो गई है। वह बॉलीवुड वालों से परेशान हैं इसलिए अब मुंबई छोड़कर साउथ में बस जाएंगे। इस फैसले के पीछे अनुराग ने कई कारण गिना दिए थे। हाल ही में अनुराग कश्यप ने अपने मुंबई छोड़ने वाले बयान पर एक नई बात कह दी है। वह मुंबई को अपनी कर्म भूमि बता रहे हैं। तो क्या अब वह मुंबई नहीं छोड़ने वाले हैं? क्या कहा है, अपने नए बयान में अनुराग कश्यप ने।

### अनुराग ने नए बयान में क्या कहा

हाल ही में अनुराग कश्यप को फिल्म 'सत्या' की री रिलीज की स्क्रीनिंग पर देखा गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए अनुराग ने मुंबई छोड़ने वाले अपने बयान पर फिर से बात की। वह कहते हैं, 'हां, मैं जा रहा हूं, बाहर रहूंगा लेकिन कर्म भूमि तो यही है। बस मेरी रहने वाली जगह अब अलग होगी।' इस तरह से अनुराग ने साफ कर दिया कि वह मुंबई तो पक्का छोड़ रहे हैं लेकिन बॉलीवुड में फिल्में करते रहेंगे। अनुराग के लिए हमेशा ही मुंबई, बॉलीवुड उनकी कर्मभूमि रहेगी।

### क्या है डायरेक्टर की नाराजगी की वजह

अनुराग कश्यप बॉलीवुड से इसलिए नाराज है कि उन्हें अपने हिसाब से काम करने को नहीं मिल रहा है। साथ ही उनकी पांच फिल्में भी अटकी पड़ी हैं। पिछले दिनों अनुराग ने इस बारे में भी बताया था। दरअसल, साल 2023 में अनुराग की फिल्म 'कैनेडी' को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां इसकी काफी तारीफ हुई। लेकिन तब से यह फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस बात का अनुराग को दुख है। वह कहते हैं, 'मैंने पांच फिल्में बनाई है, जो अब तक रिलीज नहीं हो पाई हैं। 'कैनेडी' फिल्म तो ऐसे लोगों के पास है, जिन्होंने आजतक फिल्म नहीं बनाई। स्टूडियो वाले कहते हैं कि आप अपनी हिस्सेदारी बढ़ाओ, पैसा कमाओ और मुनाफा लाओ।'

### स्टार के बिहेवियर से भी दिक्कत

पिछले दिनों मुंबई छोड़ने के अपने बयान के साथ ही अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड के वर्किंग कल्चर, स्टार के बिहेवियर पर भी बात की थी। अनुराग ने कहा- 'हिंदी फिल्मों में हर एक्टर को स्टार ट्रीटमेंट चाहिए। ऐसे में फिल्में बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। जबकि साउथ इंडस्ट्री में ऐसा नहीं है, बड़े से बड़ा एक्टर फिल्म के बाकी लोगों की तरह ही खुद को ट्रीट करता है।' इन दिनों अनुराग साउथ फिल्मों में एक्टिंग भी कर रहे हैं।



# सोशल मीडिया पॉपुलैरिटी में श्रद्धा कपूर नंबर वन

बॉलीवुड के सितारों को दुनियाभर में पसंद करने वाले लाखों-करोड़ों लोग हैं। उनके फैंस सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़े रहते हैं और उनसे जुड़ी हर छोटी-बड़ी अपडेट यहीं से प्राप्त करते हैं। स्टार्स और फैंस के बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक पुल का काम करता है। पॉपुलैरिटी के मामले में इन स्टार्स के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं, सोशल मीडिया पर इन्होंने भी अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटा रखी है। आइए जानते हैं बॉलीवुड के स्टार किड्स के सोशल मीडिया पर कितने फॉलोअर्स है।

### श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी श्रद्धा कपूर ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है। अपनी अदाकारी और खूबसूरती के दम पर उन्होंने लाखों फैंस बनाए हैं। श्रद्धा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो उनके 94.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। 'स्त्री 2' के रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर तेजी के साथ उनके प्रशंसक बढ़ें हैं।



### आलिया भट्ट

आलिया भट्टी की गिनती आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में महेश भट्ट की बेटी के पहचान के साथ कदम रखा था, लेकिन अपनी मेहनत और एक्टिंग के दम पर अपनी पहचान बनाई। आज आलिया भट्ट के लाखों-करोड़ों चाहने वाले हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने कुल 86.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### वरुण धवन

वरुण धवन भी आज बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेताओं में गिने जाते हैं। डेविड धवन के बेटे वरुण धवन ने भी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटाई है। अभिनेता के इंस्टाग्राम पर 46.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### सारा अली खान

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान के भी सोशल मीडिया पर काफी चाहने वाले हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 45.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### जान्हवी कपूर

दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर ने भी इंडस्ट्री में खुद को लगभग स्थापित कर लिया है। अभिनेत्री के सोशल मीडिया पर लाखों दीवाने हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 26 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### सुहाना खान और आर्यन खान



शाहरुख खान के बेटी सुहाना खान और उनके बेटे आर्यन खान के भी सोशल मीडिया पर फॉलो करने वालों की काफी संख्या है। सुहाना के इंस्टाग्राम पर 6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। आर्यन की बात करें तो उनके 3.1 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।




### राशा थडानी

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की डेब्यू फिल्म 'आजाद' हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। राशा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो यह 2 मिलियन हैं।

### ईशान खट्टर, खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान

शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर के इंस्टाग्राम पर 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। श्रीदेवी की छोटी बेटी और जान्हवी कपूरी की बहन खुशी कपूर के 1.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के 1.2 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।



# कार्तिक आर्यन की फिल्म में कैमियो करेंगे ये जवानी है दीवानी के सितारे!

कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की घोषणा कर दी है, जिससे प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। वैसे, निर्माताओं ने अभी तक मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री की घोषणा नहीं की है। हालांकि, खबर आ रही है कि में शरवरी वाघ मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। वहीं, इस बीच फिल्म के कलाकारों को लेकर एक और दिलचस्प खबर आ रही है।

### इन सितारों का फिल्म में होगा कैमियो

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में ये जवानी है दीवानी के सितारे कैमियो करते नजर आएंगे। सभी मुख्य कलाकार एक खास भूमिका के लिए फिल्म में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है और ये जवानी है दीवानी की तर्ज पर है। ऐसे में निर्माता विशेष प्रस्तुतियों के लिए मूल सितारों को लाने पर विचार कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर काम कर रहे निर्माता

रिपोर्ट्स में आगे यह भी बताया गया है कि भले ही ये जवानी है दीवानी के सभी मुख्य कलाकार उपलब्ध न हों, लेकिन निर्माताओं ने उनमें से दो को इसका हिस्सा बनाने की कोशिश करेंगे। यह एक दिलचस्प कैमियो होगा, जो फिल्म को और खास बनाएगा। फिल्म में उन सितारों का कैमियो इस बात पर निर्भर करता है कि उन कलाकारों की तारीखें मेल खानी चाहिए। साथ ही लेखन प्रक्रिया के दौरान इस बात पर खास ध्यान दिया जाएगा कि उन सितारों का फिल्म में सहज परिचय होना चाहिए, न कि जबरदस्ती की भूमिका होनी चाहिए। इन सभी मुद्दों पर टीम ध्यान दे रही है।

### आधिकारिक घोषणा का इंतजार

रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि केकलां निर्देशक समीर विद्वांस की फिल्म में अपने किरदारों को फिर से जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बारे में ज्यादा कुछ साझा नहीं किया गया है, लेकिन इस खबर ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। हाल ही में ये जवानी है दीवानी भी सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है, जिसके बाद से इस फिल्म की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि, इन सितारों का तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कैमियो होने की खबर पर फिलहाल आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।

तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने एक प्रोमो वीडियो के साथ अगली रोमांटिक-कॉम की घोषणा की। कार्तिक आर्यन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर करण जौहर की प्रतिक्रिया साझा की, जिसमें लिखा था, टपर शुभ मुहूर्त का समय निकला जा रहा है रे... रूमी का बेसब्री से इंतजार है। इस पर कार्तिक ने जवाब दिया, इतना आसानी से थोड़ी मुंह दिखाई हो जाएगी।

# इस प्रतिभागी को जीतते देखना चाहती हैं शिल्पा शिरोडकर

**चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 18 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के बाद विदा ले रहा है। आज शो के विनर का पता चल जाएगा। दर्शकों की धड़कनें तेज हैं। सभी अपने-अपने पसंदीदा प्रतिभागी की जीत के लिए दुआ कर रहे हैं। शो के शीर्ष छह प्रतियोगी दौड़ में हैं। इनके नाम हैं- अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह, चुम दरांग, विवियन डीसेना, करण वीर मेहरा और रजत दलाल। शो के इस सीजन में बतौर प्रतिभागी आई अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर किसे ट्रॉफी पाते देखना चाहती हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है।**

### इस प्रतिभागी का लिया नाम

इस बार के सीजन में शिल्पा शिरोडकर ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हालांकि, अब वे शो से बाहर हैं। मगर, आज फाइनल मुकाबले के दौरान वे भी मौजूद रहेंगी। हाल ही में जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें शिल्पा कहती दिख रही हैं कि वे करण वीर मेहरा को जीतते हुए देखना चाहती हैं।


### शिल्पा ने फैंस का जताया आभार

वीडियो में शिल्पा कहती दिख रही हैं, मैं हूं शिल्पा शिरोडकर। फाइनली, फिनाले का दिन है। मैं जा रही हूं फिनाले के लिए बिग बॉग के सेट पर। मेरे हिसाब से मेरा विनर है करण वीर मेहरा। आपको क्या लगता है? आप भी बताइए। आप सभी ने हमें जो प्यार और इज्जत दी उसके लिए सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया।

### विजेता को क्या मिलेगा?

शिल्पा के पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट की झड़ी लग गई है। करण वीर के बाद यूजर्स सबसे ज्यादा विवियन और रजत दलाल का लिख रहे हैं। विजेता की किस्मत का फैसला अब चंद घंटों में होने वाला है। कथित तौर पर विजेता के नकद पुरस्कार के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं, जो पिछले सीजन की तरह ही 50 लाख रुपये होने की उम्मीद है। ट्रॉफी के बाद विनर को यह राशि मिलेगा।





# अजय अंकल की भगत सिंह देखकर हुआ सिनेमा से प्यार, उनकी तरह आंखों से करना चाहता हूं एक्टिंग

बॉलीवुड में नए साल में कई नए एक्टर्स अपने टैलंट के रंग भरने आ रहे हैं। इन्हीं से एक हैं, सुपरस्टार अजय देवगन के भांजे अमन देवगन। अमन निर्देशक अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी शुरू कर रहे हैं।

**आप फिल्मी परिवार में पले-बढ़े हैं, लेकिन सिनेमा में ही करियर बनाना है, यह कब तय किया?**

ऐसा कोई एक टर्निंग प्वाइंट नहीं था। जब आप एक फिल्मी परिवार में पैदा होते हैं तो माहौल ही ऐसा होता है कि हर वक्त फिल्मों की बातें होती हैं। हालांकि, मुझे याद है कि जब मैंने अंकल (अजय देवगन) की द लेजेंड ऑफ भगत सिंह देखी थी, तब मुझ पर उनकी परफॉर्मेंस का बहुत असर हुआ था। मैं तब बहुत छोटा था और ऐक्टिंग के बारे में ज्यादा समझ नहीं थी, फिर भी जब वे आए थे, मैंने उनसे पूछा था कि आपका कॉस्ट्यूम कहां है? तब मुझे ऐक्टिंग के प्रति आकर्षण महसूस हुआ। फिर, 10वीं पास करने के बाद 15-16 साल की उम्र में मुझे अहसास हो गया कि मुझे ऐक्टिंग ही करना है और मैंने ऐक्टर बनने के लिए जो भी चीजें जरूरी हैं, कोर्स, वर्कशॉप, वह सब करना शुरू किया।

**फिल्म में आपके मामा अजय देवगन आपके को-स्टार भी हैं। उनके साथ शूट करने का अनुभव कैसा रहा? और बतौर ऐक्टर और इंसान आप उनकी कौन सी खूबियां अपनाना चाहेंगे?**

अंकल के साथ पहले दिन शूट करते वक्त मैं बहुत नर्वस था। मैं बहुत डरा हुआ था, क्योंकि मैं भूल गया था कि वह मेरे अंकल हैं। तब मुझे सुपरस्टार अजय देवगन नजर आ रहे थे, मगर हम ऐक्टर्स के कुछ पैंतरे होते हैं। मैंने थोड़ा ध्यान लगाया, अपने किरदार को पकड़ा और उनको किरदार के तौर पर ही देखा। रही उनकी खूबियों की बात, तो ऐक्टर के तौर पर उनमें एक इंटेंसिटी, एक ठहराव है। वह जिस तरह आंखों से ऐक्टिंग करते हैं, उसका कायल पूरा देश है। मैं खुद भी अपने अंदर यह खूबी लाना चाहूंगा। वहीं, इंसान के रूप में वह बहुत ही प्यारे हैं। इंडस्ट्री में बहुत से लोग उन्हें बॉस कहकर बुलाते हैं, क्योंकि उन्होंने वह सम्मान कमाया है। लोग उनकी बहुत इज्जत करते हैं। वह अपने परिवार को बहुत समय देते हैं। उनका मी टाइम परिवार के साथ वक्त बिताना है। ऐसी बहुत सी क्वॉलिटीज हैं, जो मैं अपनाना चाहूंगा।

**आपकी फिल्म आजाद एक पीरियड ड्रामा है। उस दौर की कहानी है, जो आपने देखी नहीं है, तो उस दुनिया का हिस्सा बनना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

सच कहूं तो पहली फिल्म के लिहाज से यह किरदार बहुत चैलेंजिंग था। हम जेन॑ बच्चे हैं। 2025 में मुंबई जैसे महानगर में रहते हैं। जबकि, यह पीरियड फिल्म है। मेरे किरदार का सोशल स्टेटस भी बहुत अलग है। वह घोड़े की देखभाल करने वाला लड़का है। हमारी बोली भी बिल्कुल अलग थी। हमें बुंदेलखंडी बोलनी थी, जिसके लिए हमारी बहुत सारी क्लासेज हुईं, पर फिल्म में मेरे लिए जो सबसे बड़ा चैलेंज था, वो था मेरा कोस्टर-आजाद, जो एक घोड़ा है। वह ऐक्टर नहीं है कि सेट पर आकर लाइन बोलेगा, तो मुझे उसकी एनर्जी पढ़कर उसके हिसाब से सीन को इंप्रोवाइज करना था। इसलिए, मैंने उसके साथ बहुत वक्त बिताया। मैं उसके साथ दो-दो दिन अस्तबल में सोता था। उसको खाना खिलाता था, नहलाता था। उसकी पॉटी भी साफ करता था, ताकि हमारा एक बॉन्ड और कनेक्शन बन जाए। फिर भी, उसके साथ सीन करना आसान नहीं था, क्योंकि वह कभी भी कुछ भी करता था। कभी हिल जाता था, कभी काटने आ जाता था, तो वह काफी चैलेंजिंग था।

**फिल्मी परिवार से होने के नाते उस विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी या दबाव महसूस करते हैं?**

बिल्कुल, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जब आप एक ऐसी लिगेसी का हिस्सा बनते हैं, जिसका इतना बड़ा नाम है तो उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होती ही है। इस विरासत को मेरे नाना जी (वीरू देवगन) ने बतौर ऐक्शन डायरेक्टर शुरू किया था। वह पंजाब से मुंबई आए थे, तब उनके पास कुछ नहीं था। वह टैक्सी में सोते थे। उन्होंने लाइटमैन का भी काम किया है और फिर यह विरासत बनाई, जिसे अंकल अजय देवगन ने भी बहुत आगे बढ़ाया तो दबाव बहुत ज्यादा है लेकिन मेरा मानना है कि अगर मैं उस दबाव को बहुत ज्यादा दिल पर ले लूंगा तो अपना काम अच्छे से नहीं कर पाऊंगा। मेरा काम खूब मेहनत करना है, अपने टैलंट पर काम करना है और वह मैं करता रहूंगा।

**आपकी पहली फिल्म रिलीज भी नहीं हुई है, मगर दूसरी फिल्म झलक की घोषणा हो गई। आपको नहीं लगता कि यह फिल्मी परिवार से होने का फायदा है?**

मैं जितनी ईमानदारी से संभव है, आपको जवाब दूंगा। यह प्रिविलेज निश्चित तौर पर है, मगर हम ऐसे वातावरण में पलते-बढ़ते हैं, जहां बचपन से फिल्में ही देखते हैं। सिनेमा की बातें सुनते हैं तो यह एक बच्चे का सिनेमा के लिए मासूम प्यार होता है कि बड़े होने पर हमें लगता है कि हमें भी यह करना है, क्योंकि हम बचपन से यही देखते आ रहे हैं। बाकी, आखिर में ऑडियंस ही तय करेगी कि आप रहेंगे या नहीं, क्योंकि कोई भी निर्माता आप पर पैसे नहीं लगाएगा, अगर ऑडियंस आपको पसंद नहीं करेगी तो आखिर में ऑडियंस ही राजा है।